सुविचार

शिक्षा से अच्छा दोस्त दुनिया में कोई नहीं होता।
शिक्षित व्यक्ति हर जगह सम्मान पाता है।

हिन्दी दैनिक

# राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

जमशेदपुर,
शनिवार,18 अक्टूबर 2025

नगर संस्करण
वर्षः 02,अंकः146

मूल्य : दो रुपए

जमशेदपुर से प्रकाशित

RNI No. : JHAHIN - 01092

rashtrasamvad.com


# पैसों का लालच देकर वोट लेना चाहेगी पूँजीपति पार्टी, सतर्क रहें :हेमंत सोरेन

**सीएम हेमंत ने कहा - डबल मार्जिन से सोमेश को विजयी बनाएं, गुरुजी एवं रामदास बाबू को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी**

- जंगल से एक बुढ़ा शेर भागकर घाट शिला आया है, तीर-धनुष लेकर भगाने को तैयार रहें ग्रामीण
- खनिज-सम्पदा लूटने वाले हमपर लूट-खसोट का आरोप लगा रहे

राष्ट्र संवाद संवाददाता






**घाटशिला।** उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन का नामांकन पर्चा दाखिल करवाने के बाद दाहीगोड़ा सर्कस मैदान में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पार्टी समर्थकों में जबरदस्त उत्साह भर दिया द्य उन्होंने कहा कि जंगल से एक बुढ़ा शेर भागकर घाटशिला की ओर आ गया है । उसे रोकने/मारने के लिए मतदाता अपना तीर-धनुष तैयार रखें । श्री सोरेन ने कहा कि विपक्षी पार्टी उनके खिलाफ आरोप लगाते हैं कि राज्य में लूट-खसोट हो रहा है । आप सभी जानते हैं कि झामुमो माटी की पार्टी है और यहां की जनता और खनिज-सम्पदा की रक्षा झामुमो ही कर सकती है । सीएम ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव जीतने के लिए एक दर्जन मुख्यमंत्री को घाटशिला में उतारा गया है द्य उन्होंने हुंकार भरने वाले अंदाज में कहा कि विपक्ष के दर्जनों मुख्यमंत्री पर हम अकेले ही भारी पड़ेंगे । क्योंकि झारखंड का सीएम हम नहीं हैं, बल्कि राज्य की तमाम जनता है द्य उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी उन्हें भीख में नहीं मिली है इसे लिए पार्टी ने लड़ाई लडा है द्य उन्होंने कहा कि चुनाव के दिनों में लगता है उनके ऊपर भूत सवार हो जाता है इसलिए वे थोड़ा ज्यादा बोल दिए आज की सभा में ।

पार्टी प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के पक्ष में भारी मतदान कर पिछले चुनाव की अपेक्षा डबल अंतर से विजयी बनाने की अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने दिल्ली अस्पताल में रामदास सोरेन के इलाज वाले दिनों को याद करते हुए कहा कि ज़ब वे उन्हें देखने पहुंचे तो ऐसा लगा जैसे वा अभी उठकर उनसे बात करना शुरू कर देंगे द्य लेकिन ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था द्य सीएम ने कहा कि यह भी एक संयोग ही है कि दिशोंम गुरु शिबू सोरेन के साथ रामदास बाबू ने संघर्ष किया और दोनों ने एक ही महीने में दिल्ली में ही अंतिम सांस लिया । उन्होंने सभास्थल पर उपस्थित जनसमूह से कहा कि जिस प्रकार से बड़े-बुजुर्ग अपने बच्चों को अपनी परंपरा एवं विरासत के बारे में बताते - सिखाते हैं, उसी तरह से हम सब मिलकर सोमेश को रामदास बाबू की विरासत संभालने के लिए तैयार कर रहें हैं ।

# घाटशिला उपचुनावः बीजेपी प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन ने दाखिल किया नामांकन

**जाहेरस्थान में टेका माथा एनडीए की एकजुटता का प्रदर्शन**

राष्ट्र संवाद संवाददाता





**जमशेदपुर।** आगामी 11 नवंबर को होने वाले घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। नामांकन के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी तथा आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा ने एनडीए की एकजुटता का प्रदर्शन किया। नामांकन भरने से पहले बाबूलाल सोरेन ने अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा (सरायकेला-खरसांवा) स्थित जाहेरस्थान में पूजा-अर्चना कर माथा टेका और विजय की कामना की। इस दौरान वे पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए और कुछ देर तक ध्यान में लीन रहे।

**घाटशिला सीट का राजनीतिक समीकरण :** घाटशिला सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का गढ़ मानी जाती है। बाबूलाल सोरेन इससे पहले 2024 के विधानसभा चुनाव में भी मैदान में थे, जहां उनका मुकाबला झामुमो प्रत्याशी रामदास सोरेन से हुआ था। उस चुनाव में रामदास सोरेन को 98,356 वोट मिले थे, जबकि बाबूलाल सोरेन को 75,910 वोट प्राप्त हुए थे। इस सीट पर 2005 में कांग्रेस, 2009 और 2019 में झामुमो, जबकि 2014 में एक बार भाजपा ने जीत दर्ज की थी। उसके बाद से लगातार झामुमो का कब्जा बना हुआ है।

**प्रतिष्ठा की लड़ाई बनी घाटशिला सीट :** यह उपचुनाव दोनों गठबंधनों के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस बार मधुपुर और डुमरी की तरह मंत्री को प्रत्याशी नहीं बनाया, बल्कि सोमेश सोरेन को मैदान में उतारा है, जो दिवंगत मंत्री रामदास सोरेन के पुत्र हैं।

**झारखंड के पहले टाइगर सफारी प्रोजेक्ट की तैयारी..**

# सीएम हेमन्त सोरेन ने प्रस्तावित टाइगर सफारी प्रोजेक्ट का देखा प्रेजेंटेशन

- मुख्यमंत्री ने टाइगर सफारी प्रोजेक्ट को लेकर अधिकारियों को दिए अहम दिशा-निर्देश।

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में लातेहार जिला में प्रस्तावित टाइगर सफारी प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन देखा। मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के समक्ष अधिकारियों ने टाइगर सफारी प्रोजेक्ट से संबंधित विस्तृत जानकारी रखी। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि यह प्रोजेक्ट झारखंड का पहला टाइगर सफारी प्रोजेक्ट होगा। लातेहार जिला के पुटूवागढ़ क्षेत्र में इसका निर्माण किया जाना प्रस्तावित है जो पलामू टाइगर रिजर्व से बाहर का क्षेत्र है। इस निमित्त विभाग द्वारा भूमि चिन्हित कर ली गई है। टाइगर सफारी प्रोजेक्ट बेतला नेशनल पार्क के नजदीक क्षेत्र में बनाए जाने की योजना है। टाइगर सफारी प्रोजेक्ट बनने से डाल्टनगंज, बरवाडीह, मंडल डैम क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणों को आजीविका का बेहतर साधन मिलेगा। मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी कि इस प्रोजेक्ट के बनने से पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) क्षेत्र के इको टूरिज्म सर्किट, जो नेतरहाट-बेतला-केचकी से लेकर मंडल डैम तक विस्तारित है, इसके विकास में यह प्रोजेक्ट एक महत्वपूर्ण कड़ी बनेगी। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को अधिकारियों ने अवगत कराया कि टाइगर सफारी परियोजना की स्थापना निर्धारित सभी मानकों का अनुपालन करते हुए की जायेगी। टाइगर सफारी बनने से इस क्षेत्र के समुचित विकास की पूरी संभावना है। इस योजना के विस्तार से टूरिज्म क्षेत्र में पर्यटकों के लिए बाघों और अन्य वन्यजीवों को करीब से देखने का एक आकर्षक और नया मौका होगा। यह झारखंड का पहला टाइगर सफारी होगा, जिसका उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने टाइगर सफारी प्रोजेक्ट से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी ली तथा अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए।

मौके पर मंत्री श्री सुदिव्य कुमार, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वाइल्डलाइफ श्री परितोष उपाध्याय, पलामू टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर श्री एस0आर0 नाटेश, उप निदेशक पलामू टाइगर रिजर्व श्री प्रजेश जेना, कंसल्टेंट श्री अशफाक अहमद सहित अन्य मौजूद थे।

**20वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट-2025 के समापन समारोह में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन**

# चुनौती के इस दौर में पुलिस को दक्ष होना जरूरी : हेमन्त सोरेन

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज जैप-1 ग्राउंड डोरंडा रांची में आयोजित 20वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट- 2025 के समापन समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस विभाग किसी भी राज्य की रीढ़ होती है। पुलिस विभाग की जिम्मेवारी वर्तमान समय में चुनौतियों से भरा है। राज्य में जैसे-जैसे विकास के आयाम आगे बढ़ते हैं पुलिस की चुनौतियां भी बढ़ती चली जाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तकनीकी युग में हमारे पुलिस के जवान किस प्रकार अधिक से अधिक दक्षता हासिल करें यह अत्यंत जरूरी है। आज हमारी सरकार राज्य के पुलिस महकमें को ज्यादा से ज्यादा दक्ष बनाने की जिम्मेदारी को पूरा करने का हरसंभव प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि मैं उन सभी प्रतिभागियों एवं टीमों को बधाई देता हूं जिन्होंने इस प्रतियोगिता में अपने-अपने क्षेत्र में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। साथ ही उन्हें भी मेरी हार्दिक बधाई जिन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेकर ईमानदारी पूर्वक प्रयास करना सबसे बड़ी बात है, इसके अतिरिक्त तीन उत्कृष्ट अनुसंधानकर्ताओं को भी पुरस्कृत किया गया है उन्हें भी मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि 20वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट-2025 के प्रतिभागियों से अपेक्षा है कि प्रतियोगिता में भाग लेकर आपने जो भी ज्ञानार्जन किया है, उसका प्रयोग अपने-अपने कार्यक्षेत्र में जाकर करेंगे। साथ ही मुझे उन चयनित प्रतिभागियों से पूर्ण आशा है कि वे अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर झारखंड प्रदेश को गौरवान्वित करेंगे।


इस अवसर पर डीजीपी श्री अनुराग गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक ए0सी0बी0 श्रीमती प्रिया दूबे, पुलिस महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान श्री मनोज कौशिक, पुलिस विभाग के वरीय एवं कनीय पदाधिकारीगण सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनेगा झारखंड विधानसभा की 25वीं वर्षगांठ : स्पीकर

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**रांची ।** झारखंड विधानसभा की 25वीं वर्षगांठ समारोह के आयोजन की तैयारियों को लेकर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों के साथ अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की। बैठक में स्पीकर ने कहा कि पिछली बार राज्य में चुनाव होने के कारण स्थापना दिवस समारोह का आयोजन नहीं हो पाया था। लेकिन इसबार झारखंड विधानसभा का 25 वीं वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा स्थापना दिवस समारोह दो सत्रों में, सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित किए जाएंगे।



# दुर्गापुर गैंगरेप केस: पीड़ित एक आरोपी की गर्लफ्रेंड,वॉटसएप चैट से खुलासा

**पुलिस बोली- दोनों ने बयान बदलकर गुमराह किया**

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में MBBS स्टूडेंट से गैंगरेप केस में पुलिस ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार 6 आरोपियों में से एक पीड़ित का बॉयफ्रेंड है। दोनों रिलेशन में थे, 10 अक्टूबर को जब स्टूडेंट के साथ रेप हुआ, तो वह बॉयफ्रेंड के साथ ही कॉलेज कैंपस से बाहर गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि जिस आरोपी को सबसे आखिरी में अरेस्ट किया गया। वह पीड़ित का क्लासमेट है और वे घटना वाली रात डेट पर बाहर गए थे। दोनों के रिलेशनशिप का खुलासा उनकी वॉट्सएप चैट से भी हुआ। पुलिस के अनुसार, पीड़ित और उसके दोस्त ने बताया कि घटना वाली रात वे एक श्मशान घाट के पास जंगल में गए थे। वहां तीन बदमाशों ने उनका पीछा किया और अचानक हमला कर दिया। जिसके बाद आरोपियों ने रेप किया। पुलिस अधिकारी ने आगे कहा कि पीड़ित और उसका दोस्त बार-बार अपना बयान बदल रहे हैं। ऐसा लगता है वे जानबूझकर गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। 14 अक्टूबर को बॉयफ्रेंड को अरेस्ट किया गया था पुलिस ने मंगलवार को पीड़ित के दोस्त वासिफ अली को गिरफ्तार किया था। इससे पहले पुलिस ने मुख्य आरोपी सफीक एसके को भी गिरफ्तार कर लिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुख्य आरोपी की बड़ी बहन रोजीना ने अपने फरार भाई को गिरफ्तार कराने में मदद की। रोजीना ने बताया कि 13 अक्टूबर को जब उसका भाई दुर्गापुर में अंडाल पुल के नीचे उससे मिलने पहुंचा तो वह पुलिस को लेकर वहां पहुंच गई।

इसके बाद पुलिस ने उसे घेरकर गिरफ्तार कर लिया।

# छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में 210 इनामी नक्सली कैडर मुख्यधारा में लौटे, 153 हथियार सौंपे

**संविधान की किताब-गुलाब से स्वागत, कार से आया सेंट्रल कमेटी मेंबर रूपेश**

**जगदलपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम के समक्ष उपस्थित होकर 210 इनामी नक्सली कैडर मुख्यधारा में लौटे और अपने 153 हथियार पुलिस को सौंपे। आत्मसमर्पित करने वाले नक्सली कैडरों में एक करोड़ से पांच लाख तक के इनामी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की व्यापक नक्सल उन्मूलन नीति तथा पुलिस, सुरक्षाबलों, स्थानीय प्रशासन और अन्य हितधारकों के प्रयासों की ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत आज अधिकारिक तौर पर दण्डकारण्य क्षेत्र के कुल 210 इनामी नक्सली कैडर जिनमें एक सेंट्रल कमेटी सदस्य, 4 डीकेएसजेडसी सदस्य 21 डिविजनल कमेटी सदस्य तथा अन्य वरिष्ठ नक्सली कैडर शामिल हैं। उन्होंने हिंसा का मार्ग छोड़कर सामाजिक मुख्यधारा में वापसी की। इस निर्णायक और ऐतिहासिक घटनाक्रम से क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में नक्सली कैडरों के सबसे बड़े सामूहिक पुनर्समावेशन के रूप में दर्ज होगी। शीर्ष नक्सली कैडर सीसीएम रूपेश उर्फ सतीश, डीकेएसजेडसी भास्कर उर्फ राजमन मांडवी, डीकेएसजेडस रनीता,




डीकेएसजेडस राजू सलाम, डीकेएसजेडस धन्नू वेत्ती उर्फ संतू, आरसीएम रतन एलम समेत कुल 210 इनामी नक्सली कैडर मुख्यधारा में लौट आए हैं। नक्सली कैडरों ने कुल 153 हथियार समर्पित कर हिंसा और हथियारबंद संघर्ष से अपने जुड़ाव का प्रतीकात्मक अंत किया है।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रस्तावित टाइगर सफारी प्रोजेक्ट का देखा प्रेजेंटेशन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**मुख्यमंत्री ने टाइगर सफारी प्रोजेक्ट को लेकर अधिकारियों को दिए अहम दिशा-निर्देश**





मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में लातेहार जिला में प्रस्तावित टाइगर सफारी प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन देखा। मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के समक्ष अधिकारियों ने टाइगर सफारी प्रोजेक्ट से संबंधित विस्तृत जानकारी रखी। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि यह प्रोजेक्ट झारखंड का पहला टाइगर सफारी प्रोजेक्ट होगा। लातेहार जिला के पुटूवागढ़ क्षेत्र में इसका निर्माण किया जाना प्रस्तावित है जो पलामू टाइगर रिजर्व से बाहर का क्षेत्र है। इस निमित्त विभाग द्वारा भूमि चिन्हित कर ली गई है। टाइगर सफारी प्रोजेक्ट बेतला नेशनल पार्क के नजदीक क्षेत्र में बनाए जाने की योजना है। टाइगर सफारी प्रोजेक्ट बनने से डाल्टनगंज, बरवाडीह, मंडल डैम क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणों को आजीविका का बेहतर साधन मिलेगा। मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी कि इस प्रोजेक्ट के बनने से पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) क्षेत्र के इको टूरिज्म सर्किट, जो नेतरहाट-बेतला-केचकी से लेकर मंडल डैम तक विस्तारित है, इसके विकास में यह प्रोजेक्ट एक महत्वपूर्ण कड़ी बनेगी।

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को अधिकारियों ने अवगत कराया कि टाइगर सफारी परियोजना की स्थापना निर्धारित सभी मानकों का अनुपालन करते हुए की जायेगी। टाइगर सफारी बनने से इस क्षेत्र के समुचित विकास की पूरी संभावना है। इस योजना के विस्तार से टूरिज्म क्षेत्र में पर्यटकों के लिए बाघों और अन्य वन्यजीवों को करीब से देखने का एक आकर्षक और नया मौका होगा। यह झारखंड का पहला टाइगर सफारी होगा, जिसका उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने टाइगर सफारी प्रोजेक्ट से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी ली तथा अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए।

मौके पर मंत्री श्री सुदिव्य कुमार, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वाइल्डलाइफ श्री परितोष उपाध्याय, पलामू टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर श्री एस०आर० नाटेश, उप निदेशक पलामू टाइगर रिजर्व श्री प्रजेश जेना, कंसल्टेंट श्री अशफाक अहमद सहित अन्य मौजूद थे।

# अर्पण परिवार जरूरतमंद बच्चों के चेहरे को दे रहा है मुस्कान , टीम अर्पण की जितनी भी सराहना की जाए वह कम है - काले

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**ब्रजपुर गांव में अर्पण परिवार ने बांटी दीपावली की रौनक, खुशियों से खिला हर चेहरा**

**दीपावली में प्रत्येक वर्ष करता है सेवा के कार्य**



**जमशेदपुर** : सेवा, संवेदना और सामाजिक समरसता की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अर्पण परिवार ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बोड़ाम प्रखंड के ब्रजपुर गांव में ग्रामीणों संग दीपावली की खुशियां साझा कीं।

इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच पूजन सामग्री, दीये-बाती, तेल, मिठाई, खोई, पटाखे और नए गर्म कपड़े वितरित किए गए। गांव में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के चेहरों पर मुस्कान और उल्लास झलक उठा। दीपों की रोशनी के साथ पूरा वातावरण प्रेम, अपनापन और उत्साह से सराबोर हो गया। सभी सदस्यों के सहयोग और समर्पण से यह सेवा कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अर्पण परिवार ने भविष्य में भी समाजसेवा के इस सिलसिले को और व्यापक रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

अर्पण परिवार के सदस्यों ने कहा कि दीपावली सिर्फ घरों को रोशन करने का पर्व नहीं, बल्कि दिलों में उजाला भरने का अवसर है। समाज के हर वर्ग तक खुशियां पहुंचाना ही हमारे संगठन का उद्देश्य है।

ग्रामीणों ने संस्था के इस मानवीय प्रयास की मुक्त कंठ से सराहना की और सभी सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया।

अर्पण संस्था के मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि यह टीम जरूरतमंद बच्चों के चेहरे को दे रहा है मुस्कान , टीम अर्पण की जितनी भी सराहना की जाए वह कम है ।

इस सेवा कार्य को सफल बनाने में जूगुन पांडे, बिभाष मजुमदार, प्रिन्स सिंह, घनश्याम भिरभरिया, धीरज चौधरी, विक्की तारवे, मोहन दास, सुमन कुमार, विकास गुप्ता, शुरू पात्रों, पिंटू भिरभरिया, अमित ठाकुर, मन्नू ढोके, रामा राव, दर्शन सिंह, अशुतोष बनर्जी, जीवन सिंहदेव, मनोज हलदर, काशीनाथ प्रधान, आकाश गोप, समर झा, हर्ष मूनका, सौरव चटर्जी, शेखर मुखी, बिट्टू मुखी, सूजल राव, सागर चौबे एवं अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# कतरास नागरिक मंच की ओर से एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**कतरास।** भारतीय क्लब कतरास में शुक्रवार को कतरास नागरिक मंच की ओर से एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत इप्टा कलाकार विष्णु कुमार अपने क्रांतिकारी गीत शहीदों ले लो मेरा सलामङ्ग के साथ शुरू किया गया। मुख्य अतिथि झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा की हर व्यक्ति को अपने-अपने घरों में शहीदों के नाम एक दिया जलाना चाहिए।जिन्होंने अपने वतन के लिए कुबार्नी दी जिनके बदौलत आज हम आजाद हैं हमको उन शहीदों को याद करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से लोगों के अंदर देशभक्ति जागती है। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना की।मौके पर डॉ मृणाल,उदय सिंह, उमाशंकर तिवारी, शंकर चौहान, उमेश ऋषि, अनुज कुमार सिन्हा उर्फ पल्टू,प्रभात मिश्रा,विनय सिंह,महादेव चटर्जी, इप्टा कलाकार विष्णु कुमार, धीरज तिवारी, राजीव रंजन मिश्रा, सच्चिदानंद यादव, जितेंद्र सिंह, बाबू बर्मन, किशोरी गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# चतरा में टीएसपीसी नक्सली संगठन के एरिया कमांडर ने पुलिस के समक्ष किया सरेंडर

राष्ट्र संवाद संवाददाता




**चतरा:** चतरा में नक्सली संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर कुणाल उर्फ कुलदीप व रोहिणी गंझू ने शुक्रवार को चतरा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है. आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कुणाल के विरुद्ध चतरा व पलामू क्षेत्र में 16 तथा रोहिणी के विरुद्ध 10 से अधिक मामले दर्ज हैं. चतरा समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में दोनों नक्सलियों ने शुक्रवार को बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी सुनील भास्कर के समक्ष सरेंडर किया है. यह सरेंडर चतरा पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है. एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने नक्सली कुणाल को सरेंडर कर मुख्य धारा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया. एसपी की बातों से सहमत होकर नक्सली ने हथियार डालने का मन बनाया. नक्सलियों ने अपने हथियार एक एसएलआर, एक सेमी राइफल व लगभग 200 राउंड जिंदा कारतूस भी जमा किया है. बता दें कि चतरा सहित पूरे झारखंड में नक्सलियों के विरुद्ध अभियान तेज हो गया है. पिछले कुछ माह में कई नक्सली मारे गए हैं. पुलिस के इस अभियान का ही असर है कि नक्सली सरेंडर कर रहे हैं।

# धनबाद में झारखंड के आदिवासी युवाओं के लिए बेसिक और एडवांस लेबल सूचना प्रौद्योगिकी एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**धनबाद**।भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खनि विद्यापीठ), धनबाद में शुक्रवार को झारखंड के आदिवासी युवाओं के लिए ह्लबेसिक और एडवांस्ड लेवल सूचना प्रौद्योगिकी एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रमह्व के अंतर्गत एक हितधारक बैठक एवं विचार-विमर्श सत्र का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित है और आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य झारखंड के आदिवासी युवाओं को डिजिटल साक्षरता, कौशल विकास और तकनीक आधारित रोजगार से सशक्त बनाना है।

बैठक का आयोजन प्रबंधन अध्ययन एवं औद्योगिक अभियांत्रिकी विभाग के सभागार में हुआ, जहाँ विभिन्न संस्थानों, सरकारी विभागों, उद्योग जगत और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन और भविष्य की रूपरेखा पर अपने सुझाव दिए।कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसका नेतृत्व आईआईटी (आईएसएम) के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्रो. धीरज कुमार (उप-निदेशक), प्रो. संदीप मोंडाल (विभागाध्यक्ष, प्रबंधन अध्ययन एवं औद्योगिक अभियांत्रिकी) सहित जनजातीय कार्य मंत्रालय, झारखंड सरकार के कल्याण विभाग, ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट और ट्राइबल वेलफेयर कमिश्नर कार्यालय के प्रतिनिधि मौजूद थे।इसके अलावा सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड, रांची यूनिवर्सिटी, एस. पी. कॉलेज (दुमका), झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी , एनजीओ, ईएमआरएस स्कूलों, स्थानीय उद्यमियों और उद्योग विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए।

# अंतर विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता रोमांचक मुकाबलों और शानदार प्रदर्शन के साथ संपन्न

राष्ट्र संवाद संवाददाता




**जमशेदपुर,** 17 अक्टूबर 2025ः आईडी बैडमिंटन टूनार्मेंट का हाल ही में सफल समापन हुआ। यह प्रतियोगिता मोहन अहूजा स्टेडियम, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित की गई, जिसमें कुल 198 प्रतिभागियों ने चार रोचक श्रेणियों – पुरुष टीम इवेंट, महिला टीम इवेंट, पुरुष सिंगल्स और महिला सिंगल्स – में हिस्सा लिया। टीम इवेंट में 136 और सिंगल्स इवेंट में 62 प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन किया।

**परिणाम**

महिला टीम इवेंटः
विजेताः एनआईएनएल
उपविजेताः वेस्ट बोकारो
तीसरा स्थानः शेयर्ड सर्विसेज

पुरुष टीम इवेंटः
विजेताः टीएसजे ऑपरेशंस
उपविजेताः जनरल ऑफिस
तीसरा स्थानः टीएसएम

महिला सिंगल्सः
विजेताः अनन्या तिग्गा (एनआईएनएल)
उपविजेताः दीपा (वेस्ट बोकारो)
तीसरा स्थानः डी. लिखिता

पुरुष सिंगल्सः
विजेताः सयान हाजरा (शेयर्ड सर्विसेज)
उपविजेताः आलोक मन्ना (टीएसजे ऑपरेशंस)
तीसरा स्थानः प्रिंस (वेस्ट बोकारो)

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चीफ स्पोर्ट्स श्री मुकुल विनायक चौधरी उपस्थित थे। उन्होंने विजेताओं और सभी प्रतिभागियों को उनके शानदार प्रदर्शन और उत्कृष्ट खेल भावना के लिए बधाई दी।

आईडी बैडमिंटन टूनार्मेंट बेहद सफल रहा, जिसने खिलाड़ियों के जुनून और समर्पण को बखूबी दशार्या।

## तेतुलमारी थाना क्षेत्र तिलाटांड में पुलिस ने अवैध नकली मिनी शराब फैक्ट्री का किया भंडाफोड 800 लीटर स्प्रिट और 50 पेटी नकली शराब जप्त

**कतरास**। पुलिस ने अवैध शराब कारोबार वाले पर बड़ी कार्रवाई की है। उत्पाद विभाग की टीम ने दीपावली से पहले तेतुलमारी थाना क्षेत्र के तिलाटांड में चल रही एक अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है।

उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि तिलाटांड में भारी मात्रा में नकली शराब का निर्माण किया जा रहा है।सूचना के आधार पर विभाग की टीम ने तेतुलमारी थाना क्षेत्र के तिला टांड में छापेमारी की।छापेमारी के दौरान मौके से करीब 800 लीटर स्प्रिट और 50 पेटी नकली शराब जब्त की गई।इधर टीम ने सोनारडीह स्थित सुरज महतो के आवास पर भी छापा मारा।वहां से भी बड़ी मात्रा में नकली शराब बरामद की गई।सुरज महतो इस अवैध कारोबार से काफी दिनों से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है।दीपावली जैसे त्योहार के मद्देनजर नकली शराब की बिक्री रोकने के लिए प्रशासन सतर्क है।

उत्पाद विभाग ने चेतावनी दी है कि अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।जब्त शराब और स्प्रिट को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है।संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।और वैसे लोगो पर जो नकली शराब का धंधा करता है सख्त कानूनी कार्रवाई की जायगी।

यह कार्रवाई धनबाद में अवैध शराब के खिलाफ चल रहे अभियान की एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# बाघमारा सवालडीह का उग्र चंडी काली मंदिर, आस्था व विश्वास का प्रतीक,वार्षिक पूजनोत्सव 20 को तैयारी अंतिम चरण में

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**धनबाद**।बाघमारा प्रखंड के कुमारजोरी पंचायत अंर्तगत सवालडीह गांव में स्थापित उग्र चंडी मां काली मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था व विश्वास का प्रतीक है। मान्यता है कि यहां जो भक्त सच्चे मन से मुरादें मांगते हैं मां अवश्य उनकी मनोकामना पूरी करती हैं। यूं तो हर अमावस्या को यहां पूजा का आयोजन किया जाता है, लेकिन कार्तिक अमावस्या की रात सवालडीह में भव्य पूजनोत्सव का आयोजन होता है। 20 अक्टूबर सोमवार की रात होने वाले वार्षिक पूजनोत्सव में सवालडीह के अलावा पतराकुल्ही, चैनपुर, देवग्राम, वैद्यनवाडीह, रामपुर, कंचनपुर, पासीटांड़, मलकेरा, कपुरिया, टाटा सिजुआ, धनबाद के श्रद्धालुओं की भीड़ यहां जुटती है। पूजनोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

यहां कब से मां काली की पूजा हो रही इसका सही-सही पता किसी को नहीं है, लेकिन ग्रामीणों के मुताबिक सवालडीह निवासी पूर्वज घनश्याम सुपकार ने ताल बागड़ा की झोपड़ी बनाकर पूजा शुरू की थी। उस समय इलाका जंगलों से घिरा हुआ था। कालांतर में यहां भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया।

प्रतिमा निर्माण मां काली की प्रतिमा का निर्माण मलकेरा निवासी भुवनेश्वर कुंभकार करते हैं। पहले उनके पूर्वज मूर्ति बनाया करते थे।दंडवत प्रणाम करने की परंपरा सोमवार को आयोजित होने वाले पूजनोत्सव में दोपहर से ही श्रद्धालुओं का मंदिर आना-जाना शुरू हो जाता है।

## सार-संक्षेप

### झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह पूरी तरह स्वस्थ,क्षेत्र में जनता के बीच जल्द नजर आएंगे

**धनबाद।** पूर्व विधायक संजीव सिंह के पूरी तरह स्वस्थ होकर धनबाद लौटने पर लाखों प्रशंसकों, समर्थकों और युवाओं ने उनका जोरदार स्वागत किया था।वेलकम बैक किंग ऑफ कोयलांचल, द बॉस इज बैक जैसे बैनरों और पोस्टर्स से पूरा धनबाद सजाया गया था। आतिशबाजी की गई। फूलों की वर्षा और आरती समेत कोयलांचल के विभिन्न स्थानों पर उनका स्वागत किया गया। पूर्व विधायक संजीव सिंह जब से धनबाद पहुंचे है लगातार लोगों का अपने प्रिय नेता को मिलने देखने पहुंच रहे है। पूर्व विधायक भी अपने हर एक बड़े बुजुर्ग, कार्यकर्ता , समर्थक , युवा साथियों से मिल रहे हैं। पूर्व विधायक ने बहुत जल्द फील्ड पर नजर आने का भी भरोसा दिलाया है। लोगो का जनसमर्थन यह साफ तौर तय कर रहा है कि कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में पूर्व विधायक के लिए लोगों के दिलों में प्यार और विश्वास बढ़ता ही जा रहा है। वही झरिया विधायक रागिनी सिंह भी अपने क्षेत्र में लगातार सुधार और सुविधा हेतु प्रयासरत हैं। आने वाले समय में सिंह मेंशन की ताकत और बढ़ने का अनुमान है, जो पूरे कोयलांचल का राजनीतिक भविष्य तय करेगा।

### सिंदरी डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम ने लोगों से भीड़भाड़ और अफवाहों से बचने की अपील की

**धनबाद।** एसएसपी प्रभात कुमार के निदेर्शानुसार सिंदरी गौशाला ओपी और बलियापुर के प्रमुख बाजारों, आभूषण दुकानों, बैंकों, विद्युत उपकरण शो-रूम और बड़े मॉल के आसपास पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने सभी संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की तथा वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की।एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि त्योहारों के दौरान असामाजिक तत्वों की गतिविधियाँ बढ़ने की संभावना रहती है, ऐसे में पुलिस पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे बड़ी रकम एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते समय विशेष सावधानी बरतें। यदि अधिक धनराशि लेकर जाना हो, तो स्थानीय थाना को सूचित कर पुलिस सुरक्षा अवश्य लें।त्योहार को देखते हुए सिंदरी अंचल क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। सिंदरी डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम ने आम नागरिकों से अपील की कि वे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतर्क रहें, अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दें।उन्होंने कहा कि सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही लगाएं। पटाखों के प्रयोग के समय सुरक्षा नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगाएं।एसएसपी प्रभात कुमार ने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति त्योहार के दौरान अपने घर से बाहर कहीं जा रहा है, तो इसकी सूचना स्थानीय थाना को अवश्य दें ताकि आवास की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### मंदरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि शंकर बेलदार पर फायरिंग मामले में मुख्य आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया कुर्की का इश्तिहार

**कतरास**।बाघमारा थाना क्षेत्र के डुमरा बीसीसीएल क्षेत्रीय कार्यालय के समीप मंदरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंकर बेलदार पर जानलेवा हमले के इरादे से गोलीबारी के मामले में मुख्य आरोपी विश्वजीत चक्रवर्ती उर्फ विशु के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी के घर के बाहर कुर्की का इश्तिहार चिपका दिया है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि विश्वजीत चक्रवर्ती ने जल्द आत्मसमर्पण नहीं किया, तो उसकी संपत्ति कुर्क की जाएगी।जानकारी के अनुसार, इस घटना में विश्वजीत चक्रवर्ती पर शंकर बेलदार के ऊपर गोली चलाने का आरोप है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है। बाघमारा पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### धनतेरस -दीपावली में हेमकुंड इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फर्नीचर ने की उपहारों की बौछार

**कतरास।** धनतेरस-दीपावली को लेकर हेमकुंड इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फर्नीचर कतरास सिनेमा रोड पेट्रोल पंम के सामने ग्राहकों के लिए उपहारों की बौछार कर रखी है।प्रतिष्ठान के मालिक बलवीर सिंह उर्फ राजू भाई ने बताया कि धनतेरस और दीपावली में हमारे यहां लॉयड, हैवेल्स, वर्लपूल, हायर आदि कंपनी द्वारा स्क्रैच कूपन के तहत उपहार दिया जा रहा है। यहां सभी प्रकार के कंपनी के एसी, फ्रिज वाशिंग मशीन के अलावा बैटरी इन्वर्टर तथा फर्नीचर के सारे सामान उपलब्ध है। हमारे यहां सभी प्रकार के फाइनेंस की सुविधा दी जा रही है। ग्राहकों द्वारा कोई भी सामान लेने पर उपहार निश्चित दी जाएगी।

### कुष्ठ रोग खोज अभियान -2025 के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

**धनबाद**।जिले में कुष्ठ रोग खोज अभियान -2025 के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन की अध्यक्षता में एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को अभियान को प्रभावी बनाने के लिए ठोस रणनीति तैयार करने तथा व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया की कुष्ठ रोग खोज अभियान होगा धनबाद जिले में 10 नवंबर से 26 नवंबर 2025 तक चलाया जाएगा। इस दौरान जिले के सभी पंचायतों, विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर कुष्ठ रोग खोज अभियान होगा। सहिया एवं एएनएम द्वारा डोर टू डोर कुष्ठ रोग खोजा जाना है। साथ ही लोगों को कुष्ठ रोग के लक्षणों एवं उपचार के बारे में जागरूक किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉक्टर आलोक विश्वकर्मा एवं डॉ मंजू दास जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी द्वारा प्रखंड स्तर पर माइक्रो प्लान के माध्यम से कुष्ठ रोग खोज अभियान पर जोर दिया।इस दौरान पीपीटी के माध्यम से कुष्ठ रोग से संबंधित प्रमुख लक्षणों की जानकारी भी दी,

आवश्यकता है

राष्ट्र संवाद मासिक, वेब पोर्टल, साप्ताहिक और दैनिक अखबार के लिए झारखंड-बिहार में हर जिले के लिए पत्रकार की जरूरत है। इसके अलावा पत्रकारिता का शौक रखने वाले चाहे वह अन्य किसी भी राज्य से हो, संपर्क या ईमेल कर सकते हैं।




:: संपर्क ::
9431977839
9102339999

ईमेल : rashtrasamvadgroud@gmail.com

# छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर विधायक पूर्णिमा साहू ने जिला उपायुक्त को लिखा पत्र

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**क्षेत्र के सभी छठ घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा, प्रकाश, पेयजल व चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था कराने की मांग की**

**जमशेदपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन से आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को पत्र लिखकर स्वर्णरेखा नदी के किनारे स्थित विभिन्न छठ घाटों एवं जलाशयों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा, यातायात और चिकित्सा सुविधाओं को समय पर पूरा करने का आग्रह किया है। पत्र भेजने के पश्चात उन्होंने स्वयं फोन पर उपायुक्त से बातचीत कर इस विषय पर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है।

विधायक पूर्णिमा साहू ने पत्र में कहा कि छठ पर्व के दौरान पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु और व्रती स्वर्णरेखा नदी के किनारे स्थित घाटों पर एकत्रित होते हैं। ऐसे में घाटों की साफ-सफाई, समतलीकरण, कचरा प्रबंधन और अप्रोच रोड की मरम्मति तत्काल कराई जाए। साथ ही घाटों, पहुंच मार्गों और पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित हो। उन्होंने श्रद्धालुओं, विशेषकर महिला व्रतियों की सुविधा के लिए शुद्ध पेयजल, चलंत शौचालय और चेंजिंग रूम की व्यवस्था करने का अनुरोध




किया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से उन्होंने ह्यडेंजर जोनह्व पर विशेष सतर्कता बरतने, भीड़ प्रबंधन हेतु पुलिस बल, महिला सुरक्षा कर्मी, होमगार्ड तथा एनडीआरएफ/एसडीआरएफ के गोताखोरों की तैनाती की मांग की है।

ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि छठ पर्व के दौरान यातायात को सुगम बनाने के लिए उचित ट्रैफिक एवं पार्किंग प्रबंधन की योजना बनाकर उसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। इसके साथ ही संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रत्येक घाट पर प्राथमिक उपचार केंद्र और एम्बुलेंस की व्यवस्था करने का भी आग्रह किया गया है।

पत्र में पूर्णिमा साहू ने क्षेत्र के प्रमुख छठ घाटों जैसे पांडे घाट (भुइयांडीह बस स्टैंड), कल्याण नगर मुर्गा पारा, झरना घाट बाबूडीह, बारा घाट लालभट्ठा, डोंगा घाट बागुनहातु, बिहारी बस्ती घाट, सूखा तालाब घाट, तिलक नगर घाट, जिला स्कूल घाट, भोजपुर कॉलोनी घाट, निराला पथ घाट, सीटू तालाब टेल्को और हुडको डैम छठ घाट पर समुचित तैयारी सुनिश्चित करने की मांग की है।

**कृत्रिम छठ घाट पर व्यवस्था को लेकर उप नगर आयुक्त को लिखा पत्र:** लोक आस्था के महापर्व छठ को ध्यान में रखते हुए विधायक पूर्णिमा साहू ने विधानसभा क्षेत्र में बने कृत्रिम छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के उप नगर आयुक्त को पत्र लिखकर साफ-सफाई, जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया है।

विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि छठ पर्व के दौरान क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु कृत्रिम घाटों पर पूजा-अर्चना के लिए एकत्रित होते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की आस्था और सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाटों की संपूर्ण साफ-सफाई, जमीनी समतलीकरण और टैंकरों के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ जल की आपूर्ति ससमय सुनिश्चित की जाए।


इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि इन घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएं, ताकि किसी भी श्रद्धालु या व्रती को असुविधा न हो। विधायक ने बताया कि पत्र में उन्होंने पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख कृत्रिम छठ घाटों की सूची भी संलग्न की है, ताकि प्रशासनिक स्तर पर समय से समुचित तैयारी की जा सके।

## विधायक पूर्णिमा साहू ने कुम्हारपारा में कुम्हारों से की मुलाकात, मिट्टी के दीये एवं अन्य सामानों की खरीदारी की, चाक पर दिये बनाकर 'वोकल फॉर लोकल का दिया संदेश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने शुक्रवार को बाराद्वारी के कुम्हारपारा पहुंचकर स्थानीय कारीगरों से मुलाकात की और उनका कुशल क्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने मिट्टी के दीये और सजावटी वस्तुओं की खरीदारी की एवं चाक पर मिट्टी घुमाकर खुद दीये भी तैयार कीं। इस दौरान उन्होंने दीयों में रंग भरकर उन्हें जीवन देने का प्रतीकात्मक संदेश भी दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस दिवाली हम सबको स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर ह्यवोकल





फॉर लोकलह्व अभियान को सशक्त बनाना होगा। मिट्टी के दीये और स्थानीय कारीगरों की रचनाएं पर्यावरण अनुकूल होने के साथ-साथ हमारे परंपरागत कौशल और आत्मनिर्भर भारत की भावना को भी जीवित रखती हैं।

विधायक पूर्णिमा साहू ने लोगों से अपील की कि वे इस बार दिपावली में अपने घरों को मिट्टी के दीयों से सजाएं और कुम्हार भाइयों के घरों में भी खुशियों की रौशनी फैलाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारतह्व और ह्यवोकल फॉर लोकलह्व का संदेश तभी सार्थक होगा, जब हम अपने स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देंगे और स्वदेशी भावना को दैनिक जीवन में उतारेंगे।

## सबूज संघ की 60वीं काली पूजा का उद्घाटन 19 को सरयू राय करेंगे

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** श्री श्री काली पूजा समिति, सोनारी ईस्ट में सबूज संघ द्वारा काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है। पूजा का उद्घाटन जमशेदपुर के सांसद विद्युत बरन महतो और जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय संयुक्त रुप से करेंगे। यह पूजा का 60वां साल है। सबूज संघ के अध्यक्ष अशोक गोयल ने बताया कि उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में उद्योगपति दिलीप गोयल और अभिषेक भालोटिया उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि 19 अक्तूबर को संध्या साढ़े 7 बजे पूजा का उद्घाटन होगा। पूजा 19 से 24 अक्तूबर तक



चलेगा। 19 से 24 अक्तूबर तक मेला भी लगेगा।

उन्होंने बताया कि 20 अक्तूबर को काली पूजा होगी। पूजा रात भर चलेगी। 21 अक्तूबर की सुबह पुष्पांजलि होगी और भोग वितरण होगा। 24 अक्तूबर को स्वर्णरेखा घाट में मां काली की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। मेले में वाद विवाद प्रतियोगिता, खेलकूद, सांस्कृतिक संध्या आदि का आयोजन होगा। माना जाता है कि जो भी यहां कोई मनोकामना लेकर आता है, वह जरूर पूरी होती है। मनोकामना पूर्ण होने पर भक्त यहां पूजन करने आते हैं। संघ के चेयरमैन आरके शाही, शुभेंदु भौमिक, प्रदीप बनर्जी, अमर दास, सजल दास, काजल मुखर्जी, अभिषेक सान्याल, अभिषेक भौमिक, अनुज सान्याल, सूरज कुमार, कौशिक डे आदि कार्यक्रम को सफल बनाने में लगातार मेहनत कर रहे हैं।

## नशा मुक्त समाज बनाने हर व्यक्ति को आगे आना होगा : नोडल पदाधिकारी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**नशा को अपनाना जानबूझ कर आत्महत्या का नया रूप अपनाना**

प्रखंड विकाश पदाधिकारी कार्यालय सभागार, पोटका में 'तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी को दिया गया तंबाकू से संबंधित प्रशिक्षण। नोडल पदाधिकारी ठळउढ, डॉ मृत्युंजय धाउरिया ने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को तंबाकू के सेवन से दूर रहने की शपथ दिलाई और हस्ताक्षर कर नशे से दूर रहने की सलाह दी, ताकि अभियान के माध्यम से युवाओं को तंबाकू के हानिकारक




प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें इस लत से दूर किया जा सके। इसके अलाव तम्बाकू के दुष्प्रभावों से सभी को अवगत कराने के उद्देश्य से तंबाकू मुक्त युवा अभियानों का तीसरा चरण है, जो नई रणनीति और व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस 60 दिवसीय अभियान का उद्देश्य तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जन जागरुकता बढ़ाना, युवाओं को नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना और जिले को तम्बाकू मुक्त बनाना है। साथ ही उन्होंने बताया कि अभियान में सभी विभागों की संयुक्त भागीदारी सुनिश्चित करने के अलावा गैर सरकारी संगठनों और स्वयंसेवी समूहों को भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों के साथ-साथ गांवों को भी तंबाकू मुक्त घोषित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसमें जनसामान्य में तम्बाकू मुक्त जीवनशैली के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने पर बल रहेगा। आगे डॉ मृत्युंजय धाउरिया, नोडल पदाधिकारी ठळउढ ने सभी से अपील करते हुए कहा कि हमलोगों को अपने जिले को पूर्ण रूप से तम्बाकू मुक्त जिला बनाने की दिशा में सभी का सहयोग आवश्यक है, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके।

कार्यक्रम में मनोज कुमार सिन्हा, मौसमी चटर्जी, कुंदन कुमार की टीम संबंधित अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## इनर व्हील क्लब अस्मिता द्वारा ह्लएज्युकेशन एडॉप्शन प्रोजेक्टह्व के तहत छात्रा को आर्थिक शैक्षणिक सहायता



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर,** : इनर व्हील क्लब अस्मिता ने समाज में शिक्षा के प्रसार और बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए ह्लएज्युकेशन एडॉप्शन प्रोजेक्टह्व के अंतर्गत डी.एन. कमानी हाई स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा श्रृष्टि कुमारी की शिक्षा में सहायता प्रदान की है।इस पहल के तहत क्लब द्वारा आठ हजार रुपयों की राशि छात्रा की शैक्षणिक आवश्यकताओं के लिए दी गई, ताकि वह बिना किसी आर्थिक बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सके। यह परियोजना क्लब के उस संकल्प को दशार्ती है जिसके अंतर्गत समाज के जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त किया जा सके।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष श्रीमती रीपा दत्ता, सचिव श्रीमती सुनीता सेठ, आई.एस.ओ. श्रीमती पुष्पा सिंह और एडिटर अंजुला सिंह की सक्रिय भूमिका रही।

इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर अस्मिता ने यह संदेश दिया कि शिक्षा ही वह आधार है जो समाज में समान अवसर और उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

## विद्या ज्योति स्कूल में दीपावली उत्सव का धूमधाम से किया गया आयोजन




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया** ।टीजीएस कॉलोनी गम्हरिया स्थित विद्या ज्योति स्कूल में दीपावली उत्सव बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय को रंग-बिरंगी रोशनियों और दीयों से सजाया गया था। बच्चों ने रंग बिरंगे दीए जलाकर, रंगोली बनाकर और मिठाइयाँ बाँटकर इस उत्सव को मनाया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा रामायण की विभिन्न कथाओं में राम-सीता विवाह, राम वनवास, रावण वध आदि जैसी प्रसिद्ध कथाओं पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए जिसकी काफी प्रशंसा की गई। इन मौके पर बच्चों ने अपने नृत्य और गीतों के माध्यम से श्रीराम के आदर्शों और मूल्यों को प्रदर्शित किया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार झा एवं उप प्राचार्य आनंद कुमार सिंह ने छात्रों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस त्योहार के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं व काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर जमशेदपुर दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति हुई सक्रिय, उपाध्यक्ष नीरज सिंह के नेतृत्व में सदस्यों ने विभिन्न घाटों का किया निरीक्षण

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जमशेदपुर दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति सक्रिय है। समिति के नॉर्थ जोन प्रभारी सह उपाध्यक्ष नीरज सिंह के नेतृत्व में सदस्यों ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न छठ घाटों का व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। समिति ने कहा कि यह पर्व श्रद्धा, भक्ति और पवित्रता का प्रतीक है और इसे सुरक्षित, स्वच्छ एवं भव्य रूप में संपन्न कराना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान समिति ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि सभी घाटों पर पर्याप्त लाइटिंग, व्रतियों के लिए चेंजिंग रूम, गोताखोरों की तैनाती और



डेंजर जोन की पहचान सुनिश्चित की जाए। साथ ही घाटों की साफ-सफाई, जल आपूर्ति एवं सुरक्षा प्रबंधों को भी प्राथमिकता देने की मांग की गई। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा कि जिस प्रकार दुर्गा पूजा के दौरान प्रशासन ने समय से पूर्व तैयारी कर व्यवस्था की थी, उसी प्रकार आस्था के इस महापर्व के लिए भी गंभीरता और तत्परता से कार्य किया जाए।

उन्होंने प्रशासन से यह भी आग्रह किया कि विभिन्न घाटों पर वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था हो ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना ना करना पड़े। साथ ही, सेवा शिविर लगाने वाले स्वयंसेवी संगठनों को व्यवस्थित तरीके से स्थान आवंटित किए जाएं, जिससे श्रद्धालुओं को सुगमता से सहायता मिल सके।

समिति के सदस्यों ने बताया कि जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों ने भी घाटों का निरीक्षण कर संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं और तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। समिति ने प्रशासन के इस तत्परता की सराहना की और कहा कि पर्व के सफल आयोजन में प्रशासन, समिति और समाज सभी की साझी भूमिका आवश्यक है।

निरीक्षण के दौरान समिति के संरक्षक भीष्म सिंह, उपाध्यक्ष गौतम प्रसाद, अशोक सिंहा, ओम्यो ओझा, अभिषेक कुमार, प्रदीप दास, राघवेंद्र मिश्रा, जितेंद्र कुमार, शिवशंकर सिंह, शंभू मुखी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### शुभम कुमार को गोल्ड मेडल मिलने पर साहू समाज ने किया सम्मानित



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिला अध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में साकची जिला कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कोल्हान यूनिवर्सिटी, चाईबासा द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज बॉक्सिंग टूर्नामेंट में जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के खिलाड़ी शुभम कुमार ने 80-85 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर शहर और समाज का नाम रोशन किया।

इस उपलब्धि पर साहू समाज की ओर से शुभम कुमार को अंगवस्त्र, सम्मान पत्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राकेश साहू ने कहा कि शुभम की यह उपलब्धि पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने शुभम के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि साहू समाज हमेशा उनके साथ है और उम्मीद करता है कि वे आने वाले दिनों में और ऊँचाइयाँ हासिल करेंगे।

कार्यक्रम में वरीय उपाध्यक्ष रंजीत कुमार साव, शिवलोचन साह, महासचिव पप्पू साव, बागबेड़ा थाना क्षेत्र अध्यक्ष शांतोष गुप्ता, सत्यदेव प्रसाद, पिंटू साव, मंटू साव, सागर साव, आयुष गुप्ता, गौतम साव सहित साहू समाज के कई सदस्य उपस्थित थे।

### हिल टॉप स्कूल, जमशेदपुर में रक्तदान शिविर




राष्ट्र संवाद संवाददाता

हिल टॉप स्कूल में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन (वी.बी.डी.ए.) और जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से 17 अक्टूबर, 2025 को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने सक्रिय योगदान दिया। इस दौरान, स्कूली शिक्षकों और अभिभावकों ने भी रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में 88 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन (वी.बी.डी.ए.) के सदस्य, प्रिंसिपल उमा तिवारी, शिक्षक, शिक्षिकाएँ, और 12वीं के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### एक्सएलआरआइ में जलसा नाइट में गरबा की रही धूम



राष्ट्र संवाद संवाददाता

स्पीक मैके की ओर से एक्सएलआरआइ- जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में सांस्कृतिक कार्यक्रम जलसा- द गरबा नाइट का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम की शुरूआत आरती से हुई, जिसमें शांति, सौहार्द और समावेशिता की कामना की गयी. इसके बाद विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने मिलकर गरबा में हिस्सा भाग लिया, जहां सभी ने हर प्रकार के भेदभाव मिटा कर सामुदायिक भावना को प्रदर्शित किया. इस गरबा नाइट की विशेषता यह रही कि जलसा में हर किसी की भागीदारी सुनिश्चित की गयी थी, चाहे कोई पहली बार गारबा में शामिल हो या अनुभवी हो. रोशनी, कोरियोग्राफी और कार्यक्रम की संरचना इस तरह की गयी कि सभी को आनंद और मानसिक सुरक्षा का अनुभव हो.

### जमशेदपुर के सपना कुमारी राय को छत्तीसगढ़ में मिला गोल्ड मेडल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर के सपना कुमारी राय को एमफिल, हिंदी विषय में डॉ सीवी रमन, यूनिवर्सिटी बिलासपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा गोल्ड मेडल दिया गया. सपना कुमारी राय जमशेदपुर के विभिन्न इ.एं कॉलेजों में अपना योगदान दे चुकी हैं. सपना कुमारी राय ने कहा कि गोल्ड मेडल मिलना इतना आसान नहीं है इसके लिए बहुत मेहनत करना पड़ता है मुझे आज बहुत खुशी




महसूस हो रही है. मेरे शुभचिंतक फोन पर बधाई दे रहे हैं. मैं शादी के बाद एक बेटा और एक बेटी होने के बावजूद पढ़ाई जारी है. यह सब भगवान की कृपा और मेरे पति विभागाध्यक्ष, ग्रेजुएट महाविद्यालय, जमशेदपुर के डॉ विशेश्वर यादव के सहयोग से संभव हुआ है. उन्होंने मुझे पढ़ने के लिए प्रेरित किया

### दिवाली, धनतेरस की तैयारी हल्दीपोखर में जोरो पर

राष्ट्र संवाद संवाददाता


**पोटका।** प्रखंड क्षेत्र में दिवाली और धनतेरस की तैयारी शुरू हो गई है। इस वर्ष धनतेरस शनिवार और दीवाली व मां काली की पूजा सोमवार को होगी। धनतेरस के शुभ अवसर पर ग्राहकों के लिए प्रखंड क्षेत्र में जेवर, बर्तन और बाईक शो रूम से गए हैं। प्रखंड में बर्तन व जेवरात के लिए हल्दीपोखर व बाईक शोरूम हाता में मुख्य व्यवसायिक केन्द्र हैं। शनिवार को धनतेरस के लिए व्यवसायियों ने तैयारी पुरी कर लिया है। हल्दीपोखर में नंदी बर्तन दुकान के मालिक सूजय कुमार नंदी ने कहा कि ग्राहकों के मांग अनुसार कोलकाता, मुरादाबाद व अन्य स्थानों से प्रसिद्ध देवदास दीपक,पीतल व कांसे का बर्तन का स्टाक मंगाया गया है। यहां जेवर दुकानों में भी धनतेरस की तैयारी कर ली गई है।

## ग्रामीणों ने चाण्डिल-कान्ड्रा रोड की मरम्मती की मांग बीडीओ से

राष्ट्र संवाद संवाददाता

चांडिल चाण्डिल प्रखंड के ग्रामीणों ने शुक्रवार को चाण्डिल-कान्ड्रा मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने सड़क की तत्काल मरम्मती की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर संतोषजनक कार्रवाई नहीं होती है तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

ज्ञापन में कहा गया है कि चाण्डिल-कान्ड्रा रोड की हालत अत्यंत खराब है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। धूल और टूटे रास्ते के कारण ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि तीन महीने पहले अखबारों में खबर प्रकाशित



हुई थी कि चाण्डिल-कान्ड्रा रोड 8 करोड़ ,90 लाख, 87 हजार, 205 रुपए की लागत से सड़क मरम्मती का टेंडर निकल चुका है, लेकिन कमीशन की बंदरबाट सेंटीमेंट नहीं होने के कारण अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क की मरम्मती का कार्य अविलंब शुरू किया जाए। साथ ही, जब तक कार्य पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक जर्जर सड़क पर दिन में दो बार पानी का छिड़काव किया जाए ताकि धूल की समस्या से राहत मिल सके।

ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेकर जल्द से जल्द सड़क की मरम्मती कार्य प्रारंभ करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में आशुदेव महतो (AIKKMS जिला सचिव), भुजंग माछुआ, मनोज वर्मा, हाराधन महतो, उतय तन्तुवाई, रहिन सिंह सरदार, गणपति सिंह सरदार, समीर महतो, रविन्द्र नाग, कालिचरण महतो, बुधराम हांसदा, सिदाम सिंह सरदार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## संपादक की कलम से

# बिहार की सियासत में गठबंधन का गणित, सीटों से ज्यादा अहम है भरोसे की लड़ाई

देवानंद सिंह




बिहार की राजनीति हमेशा से गठबंधन की उलझनों, जोड़-घटाव और सियासी समीकरणों का केंद्र रही है। यहां चुनाव केवल मतपेटी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह दलों के बीच शक्ति-संतुलन को परिभाषित करता है। इस बार भी नजारा कुछ अलग नहीं है, फर्क बस इतना है कि समीकरण और पेचीदा हो गए हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और महागठबंधन, दोनों ही खेमों में सीटों के बंटवारे को लेकर जारी खींचतान बता रही है कि गठबंधन की राजनीति में साथ चलना और साथ निभाना दोनों ही अलग बातें हैं।

नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी के बीच हुए बराबरी के सीट समझौते को एक समय राजनीतिक मास्टरस्ट्रोक कहा गया था। माना गया कि इस बार एनडीए ने विपक्ष से पहले ही सीटों का स्पष्ट खाका पेश कर बढ़त बना ली। लेकिन कुछ ही दिनों में तस्वीर धुंधली पड़ने लगी। राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा का यह बयान कि एनडीए में सब ठीक नहीं है उस राजनीतिक असहजता को उजागर करता है, जो सतह के नीचे उबल रही थी।

हालांकि बाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद कुशवाहा ने कहा कि जीतेगा तो एनडीए ही, लेकिन तब तक उनके असंतोष की चर्चा आम हो चुकी थी। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख जीतनराम मांझी का यह कहना कि उनकी पार्टी को कम सीटें दी गई हैं, इस बात को और पुष्ट करता है कि गठबंधन के भीतर सब कुछ सहज नहीं है।

नीतीश कुमार की राजनीति हमेशा संतुलन की रही है, वे कभी भी किसी एक दल को पूरी तरह हावी नहीं होने देते। भाजपा के साथ बराबरी का सीट बंटवारा इसी रणनीति का हिस्सा था, परंतु वास्तविकता यह है कि भाजपा का कार्यकर्ता वर्ग और कुछ वरिष्ठ नेता अब भी खुद को छोटे भागीदार की भूमिका में सहज महसूस नहीं कर रहे। वहीं, नीतीश कुमार, जो बार-बार राजनीतिक पलटवार करने की वजह से अनिश्चितता के प्रतीक बन चुके हैं, इस बार अपनी विश्वसनीयता बचाने की कोशिश में हैं।

अगर, एनडीए के भीतर की यह खींचतान आगे बढ़ती है, तो यह न केवल सीटों के समीकरण बल्कि मतों के स्थानांतरण की संभावनाओं को भी प्रभावित कर सकती है। बिहार की राजनीति में यह एक बड़ा तत्व होता है कि किस हद तक गठबंधन के वोट एक-दूसरे को ट्रांसफर होते हैं, और यहां भरोसे की कमी, पूरी चुनावी गणित को बिगाड़ सकती है।

विपक्षी महागठबंधन की स्थिति और भी उलझी हुई नजर आ रही है। राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के बीच चल रही सीट-बंटवारे की रस्साकशी इस गठबंधन की कमजोरी को उजागर करती है। जिस समय एनडीए ने अपना सीट समझौता तय कर लिया था, तब महागठबंधन अभी भी यह तय करने में लगा था कि कौन कहां से लड़ेगा।

राष्ट्रीय जनता दल ने सीट बंटवारे की आधिकारिक घोषणा से पहले ही कुछ सीटों पर अपने चुनाव-चिह्न जारी कर दिए थे, यह कदम कांग्रेस को स्पष्ट संदेश था कि निर्णय का केंद्र हम हैं, लेकिन इस जल्दबाजी ने न केवल कांग्रेस को नाराज किया बल्कि गठबंधन के भीतर की असहमति को सार्वजनिक कर दिया। मजबूरन बाद में राष्ट्रीय जनता दल को अपने चुनाव-चिह्न वापस लेने पड़े।दूसरी ओर, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने भी सीट बंटवारे से पहले अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी, जो यह दिखाता है कि समन्वय की कोई मजबूत व्यवस्था नहीं है। यह स्थिति उस समय और गंभीर हो जाती है जब आप याद करते हैं कि विपक्षी एकता का पूरा एजेंडा मोदी सरकार के खिलाफ एकजुटता पर आधारित था। परंतु जब अंदर ही अंदर अहंकार की टकराहटें और राजनीतिक असुरक्षा इतनी गहरी हो, तो कोई भी एकजुटता टिक नहीं पाती।

कांग्रेस, जो राष्ट्रीय स्तर पर लगातार प्रासंगिकता की लड़ाई लड़ रही है, बिहार में अपने पुराने वर्चस्व को वापस पाना चाहती है। वहीं राष्ट्रीय जनता दल, जो अब लालू प्रसाद के बजाय तेजस्वी यादव की नेतृत्वकारी छवि पर टिकी है, अपने बड़े भाई वाले रुतबे को बनाए रखना चाहता है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर भी सहमति नहीं बन पा रही। इस चुनाव में एक और दिलचस्प मोड़ है, प्रशांत किशोर की वापसी। वह अब किसी दल के रणनीतिकार नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र राजनीतिक शक्ति के रूप में मैदान में हैं। उनका जन सुराज आंदोलन जमीनी स्तर पर सक्रिय है और युवाओं व शिक्षित वर्ग में धीरे-धीरे पकड़ बना रहा है, हालांकि यह कहना जल्दबाजी होगी कि प्रशांत किशोर किसी बड़े मतदाता वर्ग को प्रभावित कर पाएंगे, लेकिन उनका अभियान पारंपरिक दो-ध्रुवीय मुकाबले को त्रिकोणीय लड़ाई में बदल सकता है। बिहार की राजनीति में ऐसा बहुत कम हुआ है कि तीसरी ताकत ने निर्णायक भूमिका निभाई हो, पर इस बार का परिदृश्य कुछ अलग है। प्रशांत किशोर का फोकस शिक्षा, रोजगार और स्थानीय शासन जैसे बुनियादी मुद्दों पर है, इससे उन मतदाताओं का झुकाव बदल सकता है जो परंपरागत जातीय राजनीति से ऊब चुके हैं। अगर, उनका मत प्रतिशत भले ही 8-10% के आसपास भी गया, तो यह दोनों बड़े गठबंधनों के लिए खेल बिगाड़ने वाला साबित हो सकता है।

राज्य में पहले चरण के नामांकन की आखिरी तारीख 17 अक्टूबर तय है। ऐसे में सीट निर्धारण में देरी न केवल दलों की चुनावी रणनीति को प्रभावित कर रही है, बल्कि उम्मीदवारों के मनोबल पर भी असर डाल रही है। बिहार जैसे राज्य में जहां चुनाव जातीय और स्थानीय समीकरणों पर टिका होता है, वहां उम्मीदवार की पहचान और क्षेत्रीय तैयारी के लिए समय बहुत अहम होता है। महागठबंधन के भीतर इस देरी ने कार्यकताओं में असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है। जब तक यह साफ नहीं होगा कि कौन किस सीट से लड़ेगा, तब तक बूथ-स्तरीय योजना और प्रचार तंत्र को गति नहीं मिल पाएगी। यही वजह है कि भाजपा और जेडीयू ने सीटों का ऐलान पहले करके एक मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर ली है।

बिहार का मतदाता भावनाओं से ज्यादा भरोसे पर वोट देता है। उसने कई बार देखा है कि गठबंधन बनते हैं और टूटते हैं, कभी सत्ता के लिए, कभी स्वार्थ के लिए। 2015 में नीतीश कुमार और लालू प्रसाद का महागठबंधन भारी बहुमत से जीता, लेकिन दो साल बाद ही नीतीश ने पलटी मारकर फिर एनडीए में वापसी कर ली। इस पृष्ठभूमि में मतदाता अब हर गठबंधन को शक की निगाह से देखता है। अगर सीट बंटवारे को लेकर इतनी खींचतान चुनाव से कुछ दिन पहले तक जारी रहती है, तो इसका सीधा असर मतदाता के भरोसे पर पड़ता है। लोग यह सोचने लगते हैं कि जो दल चुनाव से पहले ही एकमत नहीं हैं, वे सरकार चलाने में कैसे एकजुट रहेंगे?

बिहार में इस बार का चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की लड़ाई नहीं है, बल्कि गठबंधन की राजनीति के भविष्य की परीक्षा भी है। एनडीए के भीतर नीतीश कुमार और भाजपा के रिश्ते यह तय करेंगे कि क्या बराबरी के भागीदार मॉडल टिकाऊ है या नहीं। वहीं महागठबंधन के लिए यह चुनाव संगठनात्मक अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का परीक्षण होगा। अगर, महागठबंधन सीट बंटवारे पर आखिरी समय तक सहमति नहीं बना पाता, तो जनता के बीच यह संदेश जाएगा कि यह सुविधा का गठबंधन है, न कि सिद्धांतों का। इसके विपरीत अगर एनडीए आंतरिक मतभेदों को दबाकर एकजुटता दिखाने में सफल रहता है, तो उसे एक एकीकृत मोर्चे के रूप में देखा जाएगा, जो चुनावी दृष्टि से एक बड़ा लाभ है।

# धनतेरस धन के भौतिक एवं आध्यात्मिक समन्वय का पर्व

ललित गर्ग



धनतेरस का पर्व पंच दिवसीय दीपोत्सव की पवित्र श्रृंखला का आरंभिक द्वार है। यह केवल सोना-चांदी, वस्त्र या बर्तन खरीदने का शुभ दिन नहीं, बल्कि धन के प्रति हमारी सोच को पुनसंर्तुलित करने का अवसर है। भारतीय संस्कृति में धन को सदैव देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है, परंतु यह पूजन केवल भौतिक संपदा का नहीं, बल्कि धन के नैतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक उपयोग का भी प्रतीक है। ऋषि-मुनियों ने धन को केवल मुद्रा नहीं, बल्कि एक ऊर्जा माना है। उपनिषदों में कहा गया है-ह्लधनं मूलं सवेषां साधनानाम्ह्व, अर्थात धन सभी साधनों का मूल है, परंतु वही धन शुभ है जो धर्म-संयम से अर्जित और लोककल्याण में नियोजित हो। धनतेरस हमें याद दिलाता है कि धन केवल संग्रह का नहीं, उपयोग का विषय है। धन का सही उपयोग ही उसे ह्यलक्ष्मीह्ण बनाता है, अन्यथा वह ह्यअलक्ष्मीह्ण-अशांति और विषमता का कारण बन जाता है।

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस मनाया जाता है। इस तिथि को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन बर्तन, सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है। भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद का जनक माना जाता है। ऐसे में यह दिन धन्वंतरि को समर्पित किया गया है। भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य को सबसे बड़ा धन कहा गया है। भगवान धन्वंतरि को भगवान विष्णु का अंश माना गया है, जिन्होंने मानव समाज को चिकित्सा विज्ञान (आयुर्वेद) का ज्ञान दिया। इसी कारण धनतेरस के दिन देशभर में वैद्य समाज भगवान धन्वंतरि जयंती के रूप में उनकी पूजा करता है। धनतेरस का ऐतिहासिक महत्व समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ा है, जब भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, इसलिए इसे ह्यधनत्रयोदशीह्ण भी कहते हैं। यह त्योहार भगवान धन्वंतरि को समर्पित है, जिन्हें आयुर्वेद और चिकित्सा का देवता माना जाता है, और धन एवं समृद्धि के देवता भगवान कुबेर की भी पूजा की जाती है। भारत सरकार ने धनतेरस को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी के साथ इस दिन यम दीपक जलाने का भी विधान है। जिसे दीपदान भी कहा जाता है। एक अन्य मान्यता के अनुसार, यमराज से अपनी रक्षा करने के लिए इस दिन यमदीपदान किया जाता है। एक कथा के अनुसार, एक राजा के पुत्र को साँप के काटने से मृत्यु होने की



भविष्यवाणी थी, जिसे उसकी पत्नी ने दीप और सोने-चाँदी के ढेर लगाकर यमराज को दूर रखने में सफल हुई। जैन आगम में धनतेरस को ह्यधन्य तेरसह्ण या ह्यध्यान तेरसह्ण भी कहते हैं।

प्राचीन भारत में धन का वितरण और उपयोग धर्म और नीति के साथ जुड़ा हुआ था। व्यापारी ह्यलाभह्ण में भी ह्यलोक-लाभह्ण देखते थे। राजा अपने धन को जनकल्याण, सिंचाई, शिक्षा और सुरक्षा में लगाते थे। किन्तु आधुनिक युग में, विशेषतः पूंजीवादी व्यवस्था के प्रसार के बाद, धन का स्वरूप विकृत हुआ है। धन साधन से लक्ष्य बन गया है। इसके परिणामस्वरूप समाज में अमीरी-गरीबी की खाई, शोषण, और भ्रष्टाचार बढ़ा है। आज एक ओर अरबपतियों की गिनती बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर करोड़ों लोग रोटी और दवा के अभाव में जीवन गुजार रहे हैं। धनतेरस का पर्व इस विडंबना पर आत्ममंथन का अवसर है। यह हमें पुकारता है कि हम धन को केवल अपनी तिजोरी का नहीं, बल्कि समाज की समृद्धि का माध्यम बनाएं।

लोकमान्यता के अनुसार यह भी कहा जाता है कि इस दिन धन (वस्तु) खरीदने से उसमें तेरह गुणा वृद्धि होती है। इस अवसर पर लोग धनियाँ के बीज खरीद कर भी घर में रखते हैं। दीपावली के बाद इन बीजों को लोग अपने बाग-बगीचों में या खेतों में बोते हैं। धनतेरस के दिन चाँदी खरीदने की भी प्रथा है, चांदी शुद्धता की प्रतीक है यहीं शुद्धता इंसानी जीवन में आये, यही इस पर्व का उद्घोष है।

महात्मा गांधी ने कहा था-ह्लपैसा अपने आप में बुरा नहीं है, परंतु जब वह मनुष्य का स्वामी बन जाता है, तब वह विनाश का कारण बनता है।ह्व धनतेरस का सच्चा संदेश यही है-धन का स्वामी बनो, उसका दास नहीं। धन के प्रति सकारात्मक दृष्टि का अर्थ है उसे साधना, सेवा और संस्कार से जोड़ना। आज आवश्यकता है कि हम धन को साझा समृद्धि, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय करुणा के उपकरण के रूप में देखें। आज विश्व अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती समान अवसरों का अभाव है। धनतेरस का यह अवसर सरकारों को भी यह संदेश देता है कि वे विकास के लिए धन का न्यायपूर्ण वितरण सुनिश्चित करें। राजकोषीय नीतियाँ केवल अमीर वर्ग के लाभ के लिए नहीं, बल्कि गरीबों के सशक्तिकरण एवं कल्याण के लिए हों। धन की प्रवाह प्रणाली में नैतिकता, पारदर्शिता और संवेदना का समावेश आवश्यक है।

आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने भी धन के प्रति एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत किया था। उन्होंने भगवान महावीर के आर्थिक दर्शन को आधुनिक संदर्भों में व्याख्यायित करते हुए ह्यमहावीर का अर्थशास्त्रह्ण नामक एक महत्वपूर्ण पुस्तक लिखी। आचार्य महाप्रज्ञ ने स्पष्ट किया कि धन का अर्जन और उपयोग दोनों ही अहिंसक, नैतिक और संयमित होने चाहिए। उनके अनुसार धन तभी सार्थक है जब वह आत्मविकास, समाजकल्याण और न्यायपूर्ण व्यवस्था का साधन बने। उन्होंने महावीर के अर्थशास्त्र में बताया कि ह्लधन की मयार्दा उसका त्याग नहीं, उसका संयम है।ह्व यह विचार धनतेरस के मूल भाव को ही पुष्ट करता है कि धन को नकारा नहीं जाए, बल्कि उसे लोकमंगल में प्रवाहित किया जाए।

धनतेरस का अर्थ केवल भौतिक संपत्ति का नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, सद्गुण और आत्मबल का भी प्रतीक है। आयुर्वेद में इसी दिन धन्वंतरि जयंती भी मनाई जाती है, जो चिकित्सा और स्वास्थ्य के देवता हैं। इस परंपरा में धन का अर्थ केवल पैसा नहीं, बल्कि आरोग्य, अन्न, शिक्षा और शांति भी है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है कि धन और धर्म का संवाद पुनः स्थापित हो। धर्म के बिना धन अंधा है, और धन के बिना धर्म असहाय। धनतेरस हमें सिखाता है कि धन का अर्जन सत्य मार्ग से हो और उसका उपभोग सेवा मार्ग पर हो। आचार्य तुलसी ने अर्जन के साथ विसर्जन का सूत्र दिया, यानि अर्जन के साथ जनकल्याण के लिये विसर्जन का क्रम चले। मनुस्मृति में कहा गया है-ह्लधनं धर्मेण संचिनुयात्ह्व, अर्थात धन का संचय धर्म के मार्ग से ही किया जाना चाहिए।

धनतेरस केवल सोना-चांदी खरीदने का दिन नहीं, बल्कि धन की शुद्धता और सदुपयोग की तपश्चरण का पर्व है। इस तरह से धनतेरस का पर्व केवल धन प्राप्ति का नहीं बल्कि आरोग्य, आयु और समृद्धि की कामना का पर्व है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि असली संपत्ति हमारा स्वास्थ्य है। इसलिए इस दिन की पूजा न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ी है, बल्कि जीवन के संतुलन और सुख-शांति का भी प्रतीक है। आज जब समाज में धन के कारण विभाजन, भ्रष्टाचार और अन्याय बढ़ रहे हैं, तब धनतेरस हमें प्रेरित करता है-धन को ह्यदिव्यताह्ण में रूपांतरित करने की। यह पर्व हमें पुकारता है कि हम धन के प्रति अपनी दृष्टि बदलें-धन को नकारें नहीं, बल्कि उसे साकार करें; धन से मोह न रखें, परंतु उसे लोकमंगल में प्रवाहित करें। जब धन का प्रवाह धर्म के संग बहता है, तभी सच्चा दीपोत्सव जगमगाता है-अंतर में भी, समाज में भी, और मानवता में भी।

# धनतेरसः समृद्धि का नहीं, संवेदना का उत्सव

डॉ. सत्यवान सौरभ



धनतेरस का नाम लेते ही आंखों के सामने दीपों की उजास, सोने-चांदी की झिलमिलाहट, बाजारों का रौनकभरा शोर और पूजा की तैयारियों में जुटे घर-घर के दृश्य उभर आते हैं। यह दिन न केवल खरीदारी का त्योहार है, बल्कि भारतीय संस्कृति के गहरे दर्शन का प्रतीक भी है। यह वह दिन है जब लोग मानते हैं कि लक्ष्मी माता घर आएंगी, समृद्धि का आशीर्वाद देंगी, और दुर्भाग्य के अंधकार को मिटा देंगी। परंतु अगर हम इस पर्व के पीछे के दर्शन को गहराई से देखें, तो पाएंगे कि धनतेरस का अर्थ केवल सोना-चांदी खरीदना नहीं, बल्कि ह्यधनह्ण की सही परिभाषा को समझना है।

ह्यधनह्ण शब्द संस्कृत के ह्यधनाह्ण से बना है, जिसका अर्थ केवल संपत्ति या पैसा नहीं बल्कि समृद्धि, सुख और संतोष का संगम है। प्राचीन ग्रंथों में धनतेरस को ह्यधनत्रयोदशीह्ण कहा गया है – अर्थात धन और स्वास्थ्य दोनों की कामना का दिन। इसी दिन समुद्र मंथन से धनवंतरि देवता अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, जिन्होंने मानवता को स्वास्थ्य का वरदान दिया। यही कारण है कि इस दिन को आयुर्वेद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। जब दुनिया धन को केवल भौतिक संपत्ति के रूप में देखती है, तब भारतीय दर्शन इसे शरीर, मन और आत्मा की समृद्धि के रूप में देखता है।

आज के समय में धनतेरस का रूप काफी बदल गया है। पहले जहां यह दिन दीप जलाने, घर साफ करने और देवी-देवताओं की पूजा का होता था, अब यह दिन शॉपिंग मॉल और ऑनलाइन सेल का प्रतीक बन गया है। धनतेरस आते ही लोग सोना, चांदी, कार, बाइक, फ्रिज, टीवी, मोबाइल—सब कुछ खरीदने की होड़ में लग जाते हैं। लेकिन क्या यही असली ह्यधनह्ण है? क्या केवल महंगी वस्तुएं खरीदकर हम सच में समृद्ध हो जाते हैं? शायद नहीं। असली समृद्धि तो उस मन में है जो संतोष जानता है, उस घर में है जहाँ प्रेम की दीवारें मजबूत हैं, और उस समाज में है जहाँ सभी के पास रोटी, कपड़ा और सम्मान हो।

धनतेरस हमें यह भी सिखाता है कि धन का उपयोग कैसा हो। जब धन भगवान धनवंतरि से जुड़ा हुआ है, तो इसका अर्थ यह भी है कि धन स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा के लिए होना चाहिए, न कि दिखावे और व्यर्थ विलासिता के लिए। लेकिन आज की हकीकत यह है कि लोग धनतेरस पर नई चीजें खरीदने के लिए कर्ज. तक ले लेते हैं। त्योहार खुशियों का होना चाहिए, पर वह तनाव और तुलना का माध्यम बन जाता है। सोशल मीडिया पर कौन कितना खरीद रहा है, किसने कौन-सी गाड़ी ली—यह तुलना हमें भीतर से खोखला कर देती है। असली पूजा तो तब है जब हम अपने जीवन में संतुलन और संयम को जगह दें।

एक समय था जब धनतेरस के अवसर पर लोग मिट्टी के दीप, तांबे या पीतल के बर्तन खरीदते थे। यह परंपरा केवल प्रतीकात्मक

**आभूषणों से ज्यादा मन का सौंदर्य जरूरी, मन की गरीबी है सबसे बड़ी दरिद्रता**

धनतेरस का अर्थ केवल ह्यधनह्ण नहीं बल्कि ह्यध्यानह्ण भी है – ध्यान उस पर जो हमारे जीवन को सार्थक बनाता है। यह त्योहार हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि समृद्धि का असली अर्थ क्या है। अगर घर में प्रेम है, परिवार में एकता है, मन में शांति है, और समाज में करुणा है—तो यही सबसे बड़ा धन है। इसलिए इस धनतेरस पर केवल चाँदी की चमक नहीं, अपने मन की उजास बढ़ाइए। अपने भीतर के अंधकार को पहचानिए और प्रेम, संयम और सेवा का दीप जलाइए। यही होगी असली पूजा—जहाँ लक्ष्मी केवल तिजोरी में नहीं, व्यवहार में भी बसती है।

नहीं थी, बल्कि वैज्ञानिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण थी। मिट्टी के दीप अंधकार मिटाने का प्रतीक हैं, और धातु के बर्तन स्वास्थ्य व सकारात्मक ऊर्जा का। लेकिन अब इन बर्तनों की जगह चमकदार चाइनीज लाइट्स और प्लास्टिक के सजावटी सामान ने ले ली है। पहले जहां घरों में ह्यशुभ-लाभह्ण लिखकर दीवारें सजी होती थीं, अब ह्यडिस्काउंटह्ण और ह्यकैशबैकह्ण के बोर्ड झिलमिला रहे हैं। यह बदलाव केवल बाहरी नहीं, बल्कि हमारे भीतर के मूल्यबोध में भी आया है।

धनतेरस का एक और गहरा संदेश है—ह्यधनह्ण और ह्यधर्मह्ण के संतुलन का। यदि धन अधर्म के मार्ग से अर्जित किया गया है, तो वह कभी सुख नहीं दे सकता। महाभारत में कहा गया है—ह्लधनं धर्मेण सञ्चयेत्ह्व यानी धन को धर्म के मार्ग से अर्जित करो। आज जब समाज में भ्रष्टाचार, लालच और अनैतिक कमाई बढ़ रही है, तब धनतेरस हमें याद दिलाता है कि असली पूजा वह नहीं जो सोने के दीपक से हो, बल्कि वह है जो ईमानदारी और परिश्रम से कमाए धन से की जाए। इस दिन जब हम दीप जलाते हैं, तो वह केवल बाहर का अंधकार नहीं मिटाता, बल्कि भीतर के लालच, ईर्ष्या और मोह के अंधकार को भी दूर करने का संदेश देता है।

इस पर्व का एक आयुर्वेदिक और वैज्ञानिक पक्ष भी है। कार्तिक मास की त्रयोदशी के दिन मौसम बदलता है, सर्दी की शुरूआत होती है, और शरीर में रोगों की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे समय में भगवान धनवंतरि की पूजा करना इस बात का प्रतीक है कि हमें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। धनतेरस का अर्थ केवल धन प्राप्ति नहीं, बल्कि दीघार्यु, स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन की प्राप्ति भी है। जब शरीर स्वस्थ होगा, तभी जीवन में वास्तविक सुख और समृद्धि होगी।

अगर हम अपने पुरखों की जीवनशैली देखें, तो वे त्योहारों को केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं मानते थे, बल्कि सामाजिक समरसता और पर्यावरण संतुलन का अवसर भी समझते थे। धनतेरस के दिन घरों की सफाई का चलन केवल देवी लक्ष्मी के स्वागत के लिए नहीं, बल्कि स्वच्छता के प्रतीक के रूप में भी था। दीप जलाना केवल अंधकार हटाने के लिए नहीं, बल्कि प्रदूषण कम करने और वातावरण को पवित्र करने का एक उपाय भी था। लेकिन आज सफाई की जगह सजावट ने ले ली है, और पवित्रता की जगह दिखावे ने।

धनतेरस समाज में समानता का भी प्रतीक रहा है। पुराने समय में अमीर-गरीब सभी इस दिन अपने घरों में दीप जलाते थे। किसी के पास सोना-चांदी न हो तो वह मिट्टी का दीपक जलाकर भी अपनी श्रद्धा प्रकट करता था। आज यह भाव कम होता जा रहा है। त्योहार जो कभी सबको जोड़ता था, अब वर्गों में बाँट रहा है। मॉलों की चकाचौंध में झुग्गियों की अंधेरी रातें दब जाती हैं। यह सोचने की बात है कि अगर लक्ष्मी सच्चे मन से हर घर में आती हैं, तो इतने लोग भूखे क्यों हैं? इतने किसान कर्ज.में क्यों मर रहे हैं? क्या हमने लक्ष्मी को केवल अमीरों की देवी बना दिया है?

धनतेरस का वास्तविक संदेश यही है कि हमें धन का सही उपयोग करना सीखना चाहिए। यह दिन हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हमारा धन कितने लोगों के जीवन में रोशनी लाता है। अगर हम अपने धन से किसी गरीब की मदद करें, किसी बीमार के इलाज में सहयोग दें, किसी जरूरतमंद बच्चे की पढ़ाई में योगदान दें—तो वही असली धनतेरस होगी। लक्ष्मी तभी स्थायी होती हैं जब उनका उपयोग दूसरों की भलाई में होता है। वरना वह केवल कुछ समय की झिलमिलाहट बनकर रह जाती हैं।

आज के युग में जब हम डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन शॉपिंग और कृत्रिम रोशनी के बीच धनतेरस मना रहे हैं, तब यह और भी जरूरी है कि हम इस पर्व की आत्मा को पहचानें। यह पर्व हमें अपने घर के साथ-साथ अपने मन का भी ह्यक्लीनिंग डेह्ण बनाने का अवसर देता है। अपने भीतर के लोभ, ईर्ष्या, स्वार्थ और दिखावे की धूल झाड़कर अगर हम मन में करुणा, ईमानदारी और प्रेम के दीप जला सकें, तो वही सच्चा धनतेरस होगा।

धनतेरस केवल एक दिन नहीं, एक दृष्टिकोण है—जीवन को संतुलित, स्वास्थ्यपूर्ण और अर्थपूर्ण बनाने का दृष्टिकोण। यह हमें सिखाता है कि धन का मूल्य उसकी मात्रा में नहीं, बल्कि उसके प्रयोग में है। अगर हम धन को साधन बनाएँ, साध्य नहीं, तो वह जीवन में सौंदर्य और संतोष दोनों लाता है। लेकिन अगर वही धन हमें दूसरों से श्रेष्ठ दिखने की दौड़ में ले जाए, तो वह वरदान नहीं, अभिशाप बन जाता है।

आज के समय में शायद सबसे बड़ा ह्यधनह्ण यह है कि हम अपनी मानसिक शांति को बचा पाएँ। परिवार के साथ बैठकर मुस्कुरा सकें, कुछ समय अपनों को दे सकें, बुजुर्गों के चरण छूकर आशीर्वाद ले सकें—यह भी धनतेरस का ही भाव है। क्योंकि जो घर प्रेम और सम्मान से भरा हो, वहाँ लक्ष्मी अपने आप आ जाती हैं।

त्योहारों की असली चमक सोने या चांदी की नहीं होती, वह मन की निर्मलता में होती है। दीपों की रोशनी बाहर तभी फैलेगी जब भीतर के दीप प्रज्वलित हों। इसलिए इस धनतेरस पर अगर आप कुछ खरीदना ही चाहें, तो अपने लिए संयम, करुणा और संतोष खरीदिए। यह वे अमूल्य वस्तुएं हैं जो कभी पुरानी नहीं पड़तीं, कभी चोरी नहीं होतीं, और जीवनभर समृद्धि देती हैं।

धनतेरस का यह पर्व हमें हर वर्ष यह याद दिलाता है कि समृद्धि केवल धनवान बनने में नहीं, बल्कि मनवान बनने में है। जब हम अपने कर्मों से दूसरों के जीवन में प्रकाश फैलाते हैं, जब हम अपनी कमाई से किसी का अंधकार मिटाते हैं—तभी सच्चे अर्थों में ह्यधनतेरसह्ण होती है। इसलिए दीप जलाइए, पर साथ ही किसी और के जीवन में भी उम्मीद का दीप जलाइए। यही इस पर्व का सबसे सुंदर संदेश है।

# डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी द्वारा प्रस्तुत मिथिला दैनिक राशिफल

डा सुधा नन्द झा

**मेष**- सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-3-5-7

**वृष**- परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्ययभार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-4-5

**मिथुन**- विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क**- पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार पक्ष से थोड़ी ङ्कषचता रहेगी। शुभांक-1-3-5

**सिंह**- दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मङ्कषचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-4-6-8

**कन्या**- अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-2-3-5

**तुला**- कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक**- कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

# जादूगोड़ा यूसील कॉलोनी में झाड़ियां बनी परेशानी का सबब, दीपावली से पहले भी नहीं हुई सफाई

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा।** यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसील) की बैंक कॉलोनी के सामने झाड़ियों का अंबार लगा हुआ है, जिससे कॉलोनीवासियों और बैंक कर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैंक कर्मियों का कहना है कि झाड़ियों की नियमित कटाई नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और



कई लोग बीमार पड़ रहे हैं। झाड़ियां बढ़ जाने के कारण जंगली जीव-जंतु भी घरों में घुस जाते हैं, जिससे भय का माहौल बना रहता है।

कर्मियों का आरोप है कि झाड़ियां



काटने की जिम्मेदारी यूसील के संपदा विभाग की है, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। नालियों की सफाई नहीं होने से भी गंदगी और दुर्गंध की समस्या बनी हुई है।

दीपावली नजदीक है, लेकिन इसके बावजूद यूसील कॉलोनी में सफाई की स्थिति दयनीय बनी हुई है। यहां तक कि अधिकारियों के क्वार्टरों के सामने भी झाड़ियां उगी हुई हैं, जो किसी जंगल का दृश्य प्रस्तुत करती हैं।

यूसील प्रबंधन द्वारा हर वर्ष झाड़ियां की कटाई और डस्टबिन की रंग-रोगन पर लाखों रुपये खर्च किए जाने का दावा किया जाता है, लेकिन इस बार दीपावली के पहले तक न तो झाड़ियां साफ की गईं और न ही डस्टबिनों की रंग-रोगन की गई है।

कर्मियों का कहना है कि मजबूरीवश उन्हें अपने खर्चे पर ही झाड़ियां कटवानी पड़ रही हैं। इससे प्रबंधन की लापरवाही और साफ-सफाई के प्रति उदासीनता साफ झलकती है।

# जादूगोड़ा के महालक्ष्मी ज्वेलर्स में ठगी की कोशिश, महिला अंगूठी बदलकर फरार — पुलिस ने पकड़ा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा।** धनतेरस और दीपावली से पहले जादूगोड़ा में ठगी की वारदात सामने आई है। शुक्रवार दोपहर लगभग 3 बजे जादूगोड़ा बाजार स्थित महालक्ष्मी ज्वेलर्स में एक महिला सोने के आभूषण देखने के बहाने आई और मौके का फायदा उठाते हुए सोने की अंगूठी बदल दी। बताया गया कि महिला ने असली सोने की अंगूठी के बदले नकली सिटी गोल्ड की अंगूठी रख दी।

दुकान के मालिक तपन राणा ने बताया कि जब उन्होंने ध्यान से देखा तो अंगूठी उनकी दुकान की नहीं थी। तब तक महिला दुकान



से निकल चुकी थी। शोर मचाने पर स्थानीय लोगों की मदद से महिला को अशोक मेडिकल के सामने पकड़ लिया गया, जबकि उसके साथ आया एक पुरुष मौके से फरार हो गया।

पूछताछ में महिला ने बताया कि वह जमशेदपुर की रहने वाली है और वहां भी कई दुकानों में इसी तरह की ठगी की घटनाओं को अंजाम दे चुकी है। घटना की सूचना जादूगोड़ा पुलिस को दी गई, जिसके बाद महिला को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। अभी तक दुकानदार की ओर से कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस ने दुकानदारों को सतर्क रहने की हिदायत दी है।

धनतेरस और दीपावली के मौके पर ऐसे ठग सक्रिय हो जाते हैं, जो भीड़भाड़ का फायदा उठाकर दुकानदारों को निशाना बनाते हैं।

# आदित्यपुर नगर निगम की टीम ने होटल और लॉजों में विशेष छापेमारी अभियान चलाया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश के बाद आदित्यपुर नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को होटल और लॉजों में विशेष छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान साफ- सफाई, फायर सेफ्टी, सीसीटीवी कैमरे, रजिस्टर मेंटेनेंस और वैध ट्रेड लाइसेंस की बारीकी से जांच की गई. नगर निगम की उपनगर आयुक्त पारुल सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान कई होटल निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे. निगम की टीम ने इस आधार पर लगभग पांच होटलों पर जुमार्ना लगाया. जांच में पाया गया कि कुछ होटलों में साफ- सफाई



की स्थिति बेहद खराब थी. फायर सेफ्टी उपकरण या तो अनुपस्थित थे या अनुपयोगी हालत में पाए गए. कई स्थानों पर रजिस्टर का रख- रखाव ठीक से नहीं किया गया था, वहीं ट्रेड लाइसेंस भी अद्यतन नहीं मिले. इसके अलावा, कई होटलों में सीसीटीवी कैमरे या तो लगे नहीं थे या काम नहीं कर रहे थे. नगर निगम की ओर से बताया गया कि यह अभियान 15 नवंबर तक जारी रहेगा. इस अवधि में जो भी होटल या लॉज नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

# जिला स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता संपन्न

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**बैंड प्रतियोगिता से छात्रों को अपनी सांस्कृतिक कला का प्रदर्शन का मौका मिलता है:: बीडीओ अरुण मुंडा**

**पोटका।** जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेर्शानुसार पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पोटका में शुक्रवार को जिला स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 11 प्रखंडों जमशेदपुर, पोटका, पटमदा,बोड़ाम, घाटशिला, गुड़ाबांधा,धालभूमगढ़, चाकुलिया, बहरागोड़ा, मुसाबनी,व,डूमरिया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं तथा बालक वर्ग के



नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय लखाईडीह व गोलमुरी के छात्र इस प्रतियोगिता में भाग लिए। बैंड प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीडीओ अरुण कुमार मुंडा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि बैंड प्रतियोगिता से छात्र छात्राएं अनुशासन के साथ अपने सांस्कृतिक उदगार व्यक्त करने और आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने सभी विद्यालय के प्रतिभागियों की सराहना किया। उन्होंने कहा यहां जिनका अच्छा प्रदर्शन होगा उन्हें राज्य स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। मौके पर प्रतियोगिता के लिए मनोनीत जज शिक्षक वीर प्रताप मुर्मू,गुड़िया टुडू व नियोमैन पाल द्वारा बैगपाइपर बैंड में प्रथम स्थान पीएम श्री केजीबीवी पोटका, द्वितीय स्थान केजीबीवी मुसाबनी तथा तृतीय स्थान केजीबीवी धालभूमगढ़, ब्रास बैंड में प्रथम केजीबीवी बोड़ाम तथा बालक वर्ग में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय लखाईडीह स्कूल प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों को आमंत्रित अतिथि बीआरसी पोटका बीपीओ जयश्री बोयपाई व केजीबीवी जिला प्रभारी बिंदु झा के हाथों ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केजीबीवी पोटका की वार्डन रुमा हालदार,शिक्षिका ज्योति सागर,काजलमुनी सरदार,मीना धनवार, प्रमिला सोरेन, यमुना हेंब्रम,कमल कुमारी मुंडा, शिक्षक मोहन सोरेन सहित अन्य सहकर्मियों का सराहनीय प्रयास रहा। इस अवसर पर 13 विद्यालय के कोच, शिक्षक शिक्षिकाएं,व छात्रा, छात्राएं उपस्थित थीं।

# चापडी गांव में हाईवा आपस में भिड़े, दो घायल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**अवैध बालू गिट्टी के परिचालन से हो रही है दुर्घटना/ राम देव हेंब्रम**

**जादूगोड़ा** : जादूगोड़ा_ मुसावनी मुख्य मार्ग पर चापड़ी गांव के समक्ष आज दो हाइवा अहले सुबहआपस ने टकरा गए।घटना उस वक्त हुई जब बाबत एक हाईवा धालभूमगढ़ से बालू लेकर सुंदरनगर से वापस लौट रहा था कि कि पीछे से दूसरे हाईवा ने ठोकर मार दी। हादसे में चालक व खलासी को हल्की चोटे आई है। घटना सुबह साढ़े बजे की है। ।इस घटना में किसी के हताहत की सूचना नहीं है।घटना की सूचना पाते ही जादूगोड़ा की 10 नंबर हाईवे पेट्रोलिंग हरकत में आई व दुर्घटना ग्रस्त हाइवा को जादूगोड़ा_ मुसावनी मुख्य सड़क से जाम हटाया ।घटना के बाबत मुसावनी प्रखंड प्रमुख राम देव हेंब्रम ने कहा कि इस क्षेत्र ने बालू_ गिट्टी का अवैध परिचालन हो रहा है।जिसकी वजह से आगे निकलने के चक्कर में जादूगोड़ा_ मुसावनी आए दिन दुर्घटना हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जनता की सुरक्षा का ख्याल रखते हुए हाईवा परिचालन पर नजर रखे।घटना के बाबत प्रखंड प्रमुख रामदेव हेंब्रम आगे कहा कि एक हाईवा एक धालभूमगढ़ से बालू लेकर सुंदरनगर से वापस लौट रहा था कि यह हादसा हुआ।

# स्वदेशी जागरण मंच की ओर से गम्हरिया में 'एक दीया शहीदों के नाम' कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।**स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में छोटा गम्हरिया स्थित दुगार्पूजा मैदान में दीपावली से पूर्व 'एक दीया शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के जिला संयोजक अजीत कुमार सिंह ने किया जबकि संचालन रश्मि साहू ने की। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि आर्मी कैम्प सोनारी के नायक सूबेदार सीके सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्वांचल अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, मुख्य संरक्षक जगदेव जी, पूर्व सैनिक एस शेखर, निवर्तमान पार्षद सिद्धनाथ सिंह, बाबू मिश्रा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप



प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आयोजक मंडली के द्वारा सभी शहीदों को एक साथ श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित यह कार्यक्रम अति सराहनीय है। उन्होंने लोगों से दीपावली समेत दैनिक जीवन में उपयोग के लिए स्वदेशी वस्तुओं की ही खरीददारी करने की अपील किया। इस मौके पर देश की शहीद जवानों के नाम दीप जलाकर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कई कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीत व नृत्य की प्रस्तुति कर पूरे माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम के अंत में मंच की ओर से बीते दिनों आयोजित प्रश्नोत्तरी और चित्रांकन प्रतियोगिता में सम्मिलित बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विहिप नेता भगवान सिंह, अमित सिंहदेव, राजन साहू, विवेक कुमार, अर्पित यादव, नगीना, आदर्श, मानस प्लाजा, मनीष मुखर्जी समेत मंच के सभी सदस्य व काफी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# त्योहारों से पहले चाईबासा में मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण, खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन का निर्देश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चाईबासा,** :आगामी त्योहारों के मद्देनजर पश्चिमी सिंहभूम जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्री धनेश्वर हेम्ब्रम के नेतृत्व में शुक्रवार को चाईबासा सदर क्षेत्र स्थित मिठाई दुकानों एवं ठेला-खोमचा का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान गिरनार मिष्ठान भंडार, आम्रपाली स्वीट्स तथा अन्नपूर्णा स्वीट्स से खोवा के नमूने एकत्र किए गए। साथ ही आम्रपाली रेस्टोरेंट, छोटे लाल सिंह मिठाई दुकान, गिरनार मिष्ठान भंडार, अन्नपूर्णा स्वीट्स और राजस्थान स्वीट्स में लड्डू में प्रयुक्त रंगों की जांच की गई। जांच के दौरान अखाद्य रंगों का उपयोग




नहीं पाया गया।

खाद्य कारोबारियों को निरीक्षण के दौरान निम्न निर्देश दिए गए–

सभी व्यवसायी अनिवार्य रूप से फूड लाइसेंस प्राप्त करें।

प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई और हाइजीन बनाए रखें।

केवल गुणवत्तायुक्त एवं ताजा खाद्य सामग्री ही बेचें।

एक्सपायर, बासी या सड़ी-गली सामग्री को तुरंत नष्ट करें।

निर्माण में केवल एफएसएसएआई प्रमाणित फूड कलर का निर्धारित मात्रा में उपयोग करें।

पैकेज्ड खाद्य पदार्थों पर लाइसेंस नंबर, निर्माण व एक्सपायरी तिथि तथा निमार्ता का पता अंकित करना अनिवार्य है।

# जिला उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न, उपायुक्त ने स्वरोजगार को बढ़ावा देने का दिया निर्देश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आज जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन का अवलोकन किया। बताया गया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जिले में कुल 18 ट्रेड में 10,164 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदनों की तीन स्तरीय जांच के बाद पात्र लाभुकों को प्रशिक्षण उपरांत टूलकिट प्रदान की जा रही है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि योजना के तहत अधिक से अधिक



लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जाए।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप 112 आवेदन विभिन्न बैंकों में अग्रसारित किए गए हैं, जिनमें से 46 आवेदनों पर ऋण स्वीकृत किया गया है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि बैंकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर शेष आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए.बैठक में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र द्वारा जिले में चल रही सेरीकल्चर योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पोस्ट कोकुन परियोजना जैसे धागाकरण एवं सिल्क वस्त्र निर्माण हेतु प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके अलावा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में झारखंड माटी कला बोर्ड, रांची के तत्वाधान में 30 विद्युत चाकों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया है.बैठक में सहायक समाहर्ता श्री सिद्धांत कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, अग्र परियोजना पदाधिकारी, हाटगम्हरिया, ईओडीबी मैनेजर, जिला एवं प्रखंड उद्यमी समन्वयक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### नशे मे धुत हाइवा चालक ने दाहिने तरफ चढ़कर फिर एक छात्र को कुचला

राष्ट्र संवाद संवाद

**चतरा:** हंटरगंज के घंघरी बाजार स्थित पुल पर तेज गति से आ रहे एक अनियंत्रित हाइवा ने एक छात्र को अपने चपेट मे ले लिया जिससे छात्र के हाथ पर चक्का चढ़ जाने से उसकी हालत गंभीर है। स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए गया हॉस्पिटल भेज दिया गया है।मौके पर जब लोगों ने हाइवा चालक को नशे में धुत देखा तो समझ में आया कि चालक नशा पान कर हाइवा परिचालन कर रहा था जिसके कारण अपना साइड छोड़ दांयी ओर चढ़कर दुर्घटना को अंजाम दिया है। घटना में शामिल हाइवा मुकेश सिंह का बताया जा रहा है।

प्रखण्ड में आये दिन लगातार हाइवा से इस तरह की घटनाक्रम जारी है। जबकि हाइवा में पत्थर इतना ओवर लोडिंग लोड किया जाता है की कभी भी किसी राहगीर पर चलते समय गिर सकता है। क्षेत्र मे हाइवा की गति देखकर लोग दुर से रास्ता छोड़ने पर मजबूर हो जाते हैं।आये दिन लगातार हाइवा के कारण लोग हादसे के शिकार होकर काल के गाल मे समा रहे हैं। परंतु इस पर प्रशासनिक तंत्र का ध्यान आकृष्ट नही है यह बातें क्षेत्रीय लोगों का कहना है की हाइवा परिचालन में सम्मिलित ऑनरों से मोटी रकम वसूली और चढ़ावा दिया जाता है। यही कारण है कि हाईवा बेझिझक कहीं भी कभी भी नो इंट्री में भी घुस जाते हैं।हालांकि क्षेत्रीय ग्रामीण इससे प्रदुषित वातावरण और दशहत में जीनें को मजबूर हैं। इस तरह घटना में आए दिन मौत के कारण पुलिस प्रशासन को कोसते हुए अब ग्रामीण गोल बंद होकर सड़क पर आने का सोच बना रहे हैं।

### त्योहारों के मद्देनजर खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण — सरायकेला-खरसावाँ जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई




राष्ट्र संवाद संवाददाता

उपायुक्त श्री नितिश कुमार सिंह (भा.प्र.से.) के निदेर्शानुसार अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सरायकेला के नेतृत्व में आज दिनांक 17 अक्टूबर, 2025 को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्री सुबीर रंजन द्वारा आदित्यपुर क्षेत्र के शेरे पंजाब चौक, इमली चौक तथा गम्हरिया क्षेत्र स्थित विभिन्न मिठाई दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पनीर, खोवा एवं दूध से बनी मिठाइयों, लड्डू, बूंदिया, चाट तथा समोसे में प्रयुक्त मसालों की गुणवत्ता की जाँच की गई।

जाँच में पाया गया कि कुछ दुकानों में समोसा मसाला पैकेटों पर समुचित लेबल नहीं थे, जिस कारण कुल 30 पैकेट मसाला मौके पर ही नष्ट कराए गए।

साथ ही, सभी दुकानदारों को यह निर्देश दिया गया कि अखबार में लपेटकर खाद्य सामग्री का विक्रय न करें।

निरीक्षण के दौरान उपलब्ध सभी अखबार-निर्मित पैकेटों को नष्ट किया गया।

दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसा करते पाए जाने पर उनके विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के क्रम में दो दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं, जिन्हें प्रयोगशाला परीक्षण के लिए विधि अनुसार भेजा गया है। जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्री सुबीर रंजन ने बताया कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार त्योहारों के मद्देनजर जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेगा।

साथ ही, आम जनता से अपील की गई है कि यदि किसी प्रतिष्ठान में अस्वच्छ या मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री की जा रही हो, तो उसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन अथवा खाद्य सुरक्षा विभाग को दें।

### आदि कर्मयोगी अभियान में सरायकेला-खरसावाँ की ऐतिहासिक उपलब्धि — महामहिम राष्ट्रपति ने उपायुक्त नितिश कुमार सिंह को किया सम्मानित



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सरायकेला-खरसावाँ।** जिले के लिए शुक्रवार का दिन गौरवपूर्ण रहा। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित ह्लआदि कर्मयोगी अभियानह्व एवं ह्लधरती आबा जनभागीदारी अभियानह्व के अंतर्गत देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों में सरायकेला-खरसावाँ जिला चयनित हुआ है।

इस अवसर पर आज 17 अक्टूबर 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित ह्लआदि कर्मयोगी अभियान नेशनल कॉन्क्लेवह्व में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सरायकेला-खरसावाँ के उपायुक्त श्री नितिश कुमार सिंह (भा.प्र.से.) को सम्मानित किया गया।

यह सम्मान जिले में जनजातीय सशक्तिकरण, समावेशी विकास, नवाचार आधारित प्रशासनिक कार्यशैली और समुदाय की सक्रिय भागीदारी के उत्कृष्ट परिणामों के लिए प्रदान किया गया।

इन पहलों से जिले के जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर में ठोस सुधार हुआ है। प्रशासन ने विकास योजनाओं के शत-प्रतिशत सैचुरेशन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

इस अवसर पर सरायकेला-खरसावाँ, पाकुड़, जामताड़ा, सिमडेगा और लोहरदगा जिलों को भी सम्मानित किया गया।

यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सीमित संसाधनों के बावजूद समर्पण, नवाचार और जनभागीदारी के बल पर समावेशी विकास का सशक्त मॉडल प्रस्तुत किया जा सकता है।

यह सम्मान न केवल जिले की राष्ट्रीय पहचान को और सशक्त करता है, बल्कि हर नागरिक के लिए गर्व का क्षण भी है।

# इंफोसिस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव 2025 में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के 49 विद्यार्थियों का चयन

## विद्यार्थियों की सफलता ने घरों में वास्तविक रोशनी व खुशियां भरी :नरसी राम बिश्नोई



**हिसार,एजेंसी।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयके ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से हुए इंफोसिस के विशेष कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के 49 विद्यार्थियों को प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुए हैं। इस ड्राइव में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई और यह विश्वविद्यालय की उद्योग जगत से मजबूत जुड़ाव और रोजगार कौशल पर ध्यान केंद्रित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इंफोसिस की एचआर अधिकारी शान वत्स ने कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को चयनित विद्यार्थियों की सूची सौंपी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने शुक्रवार को चयनित विद्यार्थियों व उनके परिवारजनों को बधाई दी। उन्होंने दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों की सफलता ने इस त्योहारी सीजन में उनके घरों में वास्तव में रोशनी और खुशियां भर दी हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को ऐसे और अधिक सार्थक करियर अवसर प्रदान करने के लिए अग्रणी उद्योगों के साथ सहयोग को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार ने भी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

फॉर्च्यून 500 की वैश्विक अग्रणी और भारत की शीर्ष आईटी कंपनियों में से एक, इंफोसिस की भर्ती प्रक्रिया में पहले दिन प्री-प्लेसमेंट टॉक और ऑनलाइन एप्टीट्यूड टेस्ट शामिल रहे। दूसरे दिन तकनीकी और एचआर साक्षात्कार हुए। इस प्रक्रिया में उम्मीदवारों का तार्किक तर्क, विश्लेषणात्मक क्षमता तथा समस्या-समाधान कौशल का मूल्यांकन किया गया, जिससे पारदर्शी और योग्यता-आधारित चयन सुनिश्चित हुआ। प्लेसमेंट निदेशक डा. प्रताप सिंह ने डीन एफईटी प्रो. संदीप आर्य, प्रतिभागी विभागों के सभी अध्यक्षों, टीएंडपी समन्वयक शिक्षकों और पीडीयूसीआईसी के निदेशक मुकेश अरोड़ा और उनके स्टाफ सदस्यों को ड्राइव के दौरान उनके निरंतर सहयोग व मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। सहायक निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव का 50 विद्यार्थी स्वयंसेवकों की एक समर्पित टीम द्वारा कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया गया, जिसका नेतृत्व समन्वयक अंजलि कश्यप, संयुक्त समन्वयक अकांशी छिल्लर और विशाल ने अन्य टीम सदस्यों के साथ किया।

## छापामार अभियान चलने से मिलावटखोरों में चला हड़कंप

**चित्रकूट,एजेंसी।** आगामी दीपावली पर्व के तहत जनपदवासियों को मिलावट रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा छापामार अभियान चलाकर संदिग्ध खाद्य सामग्रियों के 03 नमूने संकलित कर जाँच के लिए भेजे गए। साथ ही अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों को मौके पर नष्ट कराया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय शशांक त्रिपाठी ने बताया कि जनपदवासियों को त्योहारों के दृष्टिगत मिलावटरहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा छापामार अभियान चलाया गया। बताया कि छापामार अभियान के तहत वह अपनी टीम खाद्य सुरक्षा अधिकारी रत्नाकर सिंह व विनय कुमार के साथ जनपद के प्रतिष्ठानों में बिकने वाले खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच की। साथ ही कुछ प्रतिष्ठानों से संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने भी संकलित किए। जिसमें पेड़ा, सरसों का तेल, पनीर आदि के नमूनों को संकलित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। साथ ही 73 किग्रा सरसों का तेल अनुमानित मूल्य 13,140 रुपये को सीज किया गया। इसके अलावा 6000 रुपये लागत के 30 किग्रा खाद्य पदार्थ फिंगर, चिप्स, मिठाई व मोगौड़ा आदि को अस्वास्थ्यकर एवं दूषित पाए जाने पर मौके पर नष्ट कराया गया। साथ ही प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य पदार्थों को ढ़ककर बेचने व बेहतर साफ-सफाई बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया।

## ऊना और कांगड़ा की रातें शिमला से ठंडी, 23 अक्तूबर तक नहीं बरसेंगे बादल



**शिमला,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में इस समय शुष्क मौसम का दौर जारी है। पूरे प्रदेश में शुक्रवार को तेज धूप खिलने से मौसम सुहावना बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 23 अक्तूबर तक पूरे प्रदेश में बारिश या बर्फबारी के कोई आसार नहीं हैं। लगातार खिल रही धूप के कारण राज्य के औसतन अधिकतम और न्यूनतम तापमान में सामान्य से वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि जनजातीय क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड जारी है और वहां न्यूनतम तापमान शून्य के करीब पहुंच गया है।

मैदानी इलाकों में दिन में हल्की उमस महसूस की जा रही है, लेकिन रातें ठंडी हो गई हैं। खास बात यह है कि मैदानी और निचले जिलों ऊना और कांगड़ा की रातें अब हिल स्टेशन शिमला से ज्यादा ठंडी हो गई हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार को शिमला का न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि ऊना में यह 13.9 डिग्री, कांगड़ा में 13.8 डिग्री, धर्मशाला में 12.1 डिग्री और पालमपुर में 11.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यानी इन शहरों की रातें शिमला से अधिक ठंडी रहीं। शिमला से सटे सोलन में भी न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो शिमला से कम है।

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति का मुख्यालय केलंग प्रदेश का सबसे ठंडा स्थल रहा, जहां न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य जनजातीय क्षेत्रों में कुकुमसेरी में तापमान 2.4 डिग्री, ताबो में 3.6 डिग्री और कल्पा में 5.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

राज्य के अन्य शहरों में मनाली का न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री, भुंतर 10.8, रिकांगपिओ 9.4, नारकंडा 9.7, कुफरी 12.3, भरमौर 11.5, सुंदरनगर 14.8, मंडी 14.5, हमीरपुर 15.9, बिलासपुर 17.2, नाहन 16.3, सराहन 11.5, पांवटा साहिब 20, देहरा गोपीपुर 16, नेरी 17.7 और बजुआरा में 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.3 डिग्री बढ़ा है, जबकि पिछले 24 घंटों में इसमें 0.2 डिग्री की हल्की गिरावट दर्ज की गई। फिलहाल प्रदेश में एक हफ्ते तक कहीं भी वर्षा व बर्फबारी होने के आसार नहीं हैं।

## दमखम के साथ एमएलसी चुनाव में प्रत्याशी उतारेगी कांग्रेस

### पार्टी कार्यालय में नए मतदाताओं से भराए आवेदन पत्र

**बांदा,एजेंसी।** सभी राजनीतिक दलों के साथ कांग्रेस ने स्नातक एमएलसी चुनाव की तैयारियां तेज कर दीं। इसी क्रम में कांग्रेसियों ने पार्टी कार्यालय में नए मतदाताओं से आवेदन पत्र भरवाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी पूरे दमखम के साथ एमएलसी चुनाव लड़ेगी। साथ ही जिताऊ प्रत्याशी को टिकट देगी। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिले में कांग्रेसियों ने स्नातक एमएलसी चुनाव की तैयारियां जोरशोर से शुरू कर दीं। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने स्टेशन रोड अवस्थी धर्मशाला स्थित पार्टी कार्यालय में स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर नए मतदाताओं से आवेदन पत्र भरवाए। बताया कि पार्टी पूरे दमखम के साथ स्नातक एमएलसी चुनाव में प्रत्याशी खड़ा करेगी। झांसी-प्रयागराज निर्वाचन क्षेत्र से जिताऊ प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारेगी। निर्वाचन क्षेत्र में आने वाले सभी डिग्री कॉलेज, अधिवक्ताओं व शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर अधिक से अधिक मतदाता बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर महासचिव शोएब रिजवी, कंट्रोल रूम प्रभारी बी.लाल, कार्यालय प्रभारी शिवबली सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सीमा पर 76.5 लाख का सोना बरामद, तस्कर गिरफ्तार




**उत्तर 24 परगना ,एजेंसी।** भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 143वीं बटालियन के सतर्क जवानों ने एक बड़ी सोने की तस्करी की कोशिश को विफल कर दिया। इस दौरान एक तस्कर को रंगे हाथ पकड़ा गया और उसके पास से 579 ग्राम (एक बिस्कुट) सोना बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 76.50 लाख आंकी गई है। यह कार्रवाई गुरुवार को हाकिमपुर बॉर्डर आउटपोस्ट इलाके में की गई। गुप्त सूचना के आधार पर बीएसएफ जवानों ने हाकिमपुर बाजार से स्वरूपदह की ओर जा रही एक संदिग्ध कार को रोका। तलाशी के दौरान वाहन के डैशबोर्ड में काले टेप से लिपटा एक धातु का टुकड़ा मिला। जब उसे खोला गया, तो अंदर से सोने की एक बिस्कुट हुई। गिरफ्तार आरोपित, बरामद सोना और वाहन को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है। बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल सीमा पर सभी प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने में पूर्णतः सक्षम है। उन्होंने सीमा क्षेत्र के निवासियों से अपील की कि सोने की तस्करी या किसी भी गैरकानूनी गतिविधि की सूचना बीएसएफ के 'सीमा साथी हेल्पलाइन नंबर 14419' पर दें या व्हाट्सएप/वॉयस मैसेज नंबर 9903472227 पर भेजें। उन्होंने आश्वासन दिया कि विश्वसनीय जानकारी देने वालों को उचित इनाम दिया जाएगा और उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाएं सघन अभियान- डीएम

**चित्रकूट,एजेंसी।** कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं महिला अपराधों की विशेष समीक्षा बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, गैंगेस्टर, महिलाओं व बालिकाओं के विरूद्ध अपराध, पास्को, गिरोह बंद अधिनियम, आगामी त्योहारों एवं राष्ट्रीय पर्वों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थ एवं औषधियों पर मिलावटखोरी के नियंत्रण सहित अन्य विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी थाना अध्यक्षो को निर्देशित किया कि गैंगस्टर के मुकदमे बेस केश से पहले होनी चाहिए, यह सुनिश्चित कराएं। पास्को के संबंध में उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक सजा कराएं। ओवरलोडिंग के संबंध में कहा कि अभियान चलाकर ओवरलोडिंग पकड़े। जनपद में ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए। जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किया कि जरूरत पड़ने पर पुलिस क्षेत्राधिकार से फोर्स की मांग करें। अवैध शराब के संबंध में कहा कि कोई भी अबैध शराब नहीं बननी चाहिए। नदियों के किनारे कच्ची शराब बनाई जाती है, आगामी त्यौहारों को देखते हुए अभी से अभियान चलाकर पकड़े। खाद्य सुरक्षा के संबंध में कहा कि दीपावली पर्व के दृष्टिगत टीम के साथ संयुक्त रूप से अभियान चला कर छापामारी करें। गवाहों की उपस्थिति के संबंध में थाना प्रभारीयो को निर्देशित किया कि गवाहों की उपस्थिति अवश्य कराएं। साथ ही गवाही के लिए आने पर हस्ताक्षर भी कराए। आर्म्स अधिनियम के संबंध में कहा कि गवाहों की उपस्थित में होने वाली समस्याओं को समाप्त कराते हुए शत-प्रतिशत उपस्थिति कराएं। शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि आख्या सही व समय से आनी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों से कहा कि महिला संबंधी अपराधियों आदि के खिलाफ त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता व थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

## छोटी बहन से झगड़ कर बड़ी बहन ने जहर खा दी जान

**बांदा,एजेंसी।** दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही घर में साफ-सफाई का दौर चल रहा है। बुधवार की शाम घर की लिपाई को लेकर बड़ी बहन का छोटी से विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर बड़ी बहन ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराया। पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चित्रकूट जिले के सरधुवा थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी 19 वर्षीय अराधना पत्नी शिवदत्त का छोटी बहन पूजा से विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर अराधना ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उल्टी होने के बाद उसकी हालत बिगड़ गयी। तब घर वालों को जानकारी मिली। उसे नजदीक स्थित सोनेपुर अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरों ने हालत नाजुक देख उसे प्रयागराज रेफर कर दिया। परिजन प्रयागराज न ले जाकर रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज ले आए। यहां देर शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।

## सामूहिक विवाह के लिए करें आवेदन

**ललितपुर,एजेंसी।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरुरतमन्द, निराश्रित, निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिलाओं के सामूहिक विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत होने वाली शादियों की तिथि तय कर दी गयी है। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 12 नवम्बर 2025 को होना प्रस्तावित है। पंजीयन के समय वधु व वर की फोटो, आधारकार्ड, आयु प्रमाणपत्र, निवास प्रमाण पत्र, वधु की बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करना होगी। योजना का लाभ उसी वधु को दिया जाएगा जो ललितपुर की निवासी है, लेकिन वर किसी भी राज्य या जिले का हो सकता है।

# बंदूक के नोक पर हरदीबाजार में नापी सर्वे – सत्ता में बैठे सांसद–विधायक की चुप्पी पर भूविस्थापितों का आक्रोश

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
कमाल अहमद



**हरदीबाजार/कोरबा:-** हरदीबाजार में एसईसीएल दीपका प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों की सात सूत्रीय मांगों को अनसुना करते हुए, भारी विरोध के बावजूद, ₹बंदूक के नोक पर₹ जबरन नापी सर्वे कराए जाने का मामला गरमा गया है ग्रामीणों और भूविस्थापितों ने वर्तमान विपक्षी के कांग्रेस के सांसद और सत्ताधारी दल के स्थानीय क्षेत्र के विधायक की निष्क्रियता पर गहरा रोष व्यक्त किया है ।

ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि उनकी वाजिब सात सूत्रीय मांगें जिनमें ड्रोन सर्वे को निरस्त करना, सभी निर्मित मकानों का उचित नापी सर्वे कर 2013 छत्तीसगढ़ पुनर्वास नीति के तहत के नियम के अनुसार (नापी सर्वे केंद्रीय मूल्यांक बोर्ड के आधार पर) मुआवजा देना और हैवी ब्लास्टिंग को बंद करना जैसी बुनियादी मांगें शामिल हैं, उन पर कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है इसके उलट, ग्रामीणों पर दबाव बनाने और उन्हें डराने-धमकाने का काम किया जा रहा है, जिससे इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है ।

### सांसद और विधायक पर सीधा हमला

स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। कहा गया है किः-

यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है कि हमारे जिले के सांसद और क्षेत्र के विधायक, स्वयं सरकार और सत्ता में रहने के बावजूद भी हरदीबाजार के ग्रामीणों के पक्ष में इन सात सूत्रीय मांगों को लेकर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठा पाए हैं इससे भी अधिक निंदनीय यह है कि उन्होंने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर विरोध प्रदर्शन में शामिल होना तो दूर, उनका सहयोग तक नहीं किया ।

### सत्ताधारी कार्यकताओं का दर्द

कांग्रेस या भाजपा, किसी भी दल से जुड़े उन स्थानीय कार्यकताओं की भावनाएं उजागर की गई हैं, जिनकी पैतृक संपत्ति आज खतरे में है ।

हम उस विडंबना को झेल रहे हैं, जहां हम स्वयं कांग्रेसी/भाजपा कार्यकर्ता हैं, हमारी ही सरकार सत्ता में बैठी हुई है, और हमारी ही पैतृक संपत्ति का नापी सर्वे बंदूक के नोक पर कराया जा रहा है हमारी वाजिब और न्यायसंगत मांगों को अनसुना किया जा रहा है क्या सत्ता में होना केवल कुर्सी का सुख भोगना है, जन-हित की रक्षा नहीं?

### मांग और चेतावनी

हरदीबाजार के भूविस्थापित ग्रामीण मांग करते हैं कि प्रशासन तुरंत इस जबरन सर्वे को रोके और उनकी सात सूत्रीय मांगों पर तत्काल सकारात्मक निर्णय ले यदि जल्द ही सांसद और विधायक अपनी चुप्पी नहीं तोड़ते और ग्रामीणों के हित में निर्णायक पहल नहीं करते, तो सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों के प्रति जनता का विश्वास पूरी तरह से खत्म हो जाएगा, जिसकी जवाबदेही सीधे तौर पर उन्हें लेनी होगी ।

## अवैध पटाखों पर पुलिस की सख्ती, चार गिरफ्तार



**टीटागढ़(उत्तर 24 परगना), एजेंसी।** उत्तर 24 परगना जिले में पुलिस ने अवैध पटाखों के खिलाफ अभियान चलाते हुए घोला, मोहनपुर और टीटागढ़ में छापेमारी कर 82 किलो से अधिक पटाखे जब्त किए हैं। घोला थाने की पुलिस ने 22.5 किलो ÷चॉकलेट बम÷ बरामद कर नारायण चंद्र मंडल (44) को गिरफ्तार किया। वहीं, मोहनपुर थाने ने राजा चौहान (33) को 16 किलो पटाखों के साथ पकड़ा। टीटागढ़ पुलिस ने दो अलग छापेमारियों में 28.64 किलो और 15.10 किलो पटाखे जब्त कर कनाई साव(45) और नंदू चौधरी (43) को गिरफ्तार किया है। सभी मामलों में धारा 223/288 बीएनएस और पश्चिम बंगाल अग्निशमन सेवा अधिनियम, 1950 की धारा 24/26 के तहत केस दर्ज किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि त्योहारों से पहले जिले में अवैध पटाखों की बिक्री पर सख्त निगरानी रखी जा रही है।

## खड़दह में तीन गिरफ्तार, अवैध असलहा बरामद



**उत्तर 24 परगना, एजेंसी।** उत्तर 24 परगना जिले के खड़दह थाने की पुलिस ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक के बाद एक तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में एक 7 मिमी पिस्तौल, एक मैगज़ीन और 5 राउंड जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, खड़दह थाने की टीम ने पहले छापा मारकर शमीम हुसैन उर्फ़ गिल को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसके बयान के आधार पर पुलिस ने दूसरे आरोपित जीत सिकदर उर्फ़ बबिन को भी गिरफ्तार किया। इसके बाद, जीत सिकदर के बयान पर कार्रवाई करते हुए खड़दह थाने की टीम ने हालीशहर थाना इलाके में छापेमारी की और वहां से तीसरे आरोपित सुवेंदु मित्रा उर्फ़ दीपु (31) को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने 7 मिमी पिस्तौल, एक मैगज़ीन और पांच कारतूस बरामद किए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ जारी है और यह जांच की जा रही है कि हथियारों का इस्तेमाल किन गतिविधियों में किया जाना था। मामले में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## जंगली हाथी के हमले में व्यक्ति की मौत



**जलपाईगुड़ी,एजेंसी।** जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान बिश्नाथ उरांव (50) के रूप में हुई है। पुलिस ने गुरुवार सुबह नागराकाटा के खैरबाड़ी न्यू मार्केट इलाके से व्यक्ति का शव बरामद किया है। सूत्रों के अनुसार, वह बुधवार रात धान के खेत की रखवाली करने के लिए घर से निकले थे। सुबह एक स्थानीय महिला ने इलाके में एक घर के सामने उनका शव पड़ा देखा। खबर मिलने के बाद खुनिया और डायना रेंज के वनकर्मी मौके पर पहुंचे। बाद में नागराकाटा थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जलपाईगुड़ी मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

## ट्रक से बाइक टकराने से बाइक सवार की मौत

**राजौरी,एजेंसी।** नौशेरा उपजिला के डंडेसर के पास जम्मू-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जेके11डी-9712 पंजीकरण संख्या वाले एक ट्रक की मोटरसाइकिल जेके11डी-8587 से आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे सवार जिसकी पहचान अंग्रेज सिंह पुत्र तिलक राज निवासी डंडानी नौशेरा के रूप में हुई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत चिकित्सा सहायता के लिए उप-जिला अस्पताल नौशेरा ले जाया गया लेकिन उन्नत उपचार के लिए जीएमसी जम्मू ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और टक्कर के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**नारनौल, एजेंसी।** नारनौल में गुरुवार को हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान शहर के मोहल्ला प्राणपुरा निवासी 71 वर्षीय प्रमोद के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला प्राणपुरा निवासी 71 वर्षीय प्रमोद नामक व्यक्ति फेरी लगाकर गांव में कपड़े बेचने का काम करता है। गुरुवार को भी वह अपनी मोपेड पर सवार होकर जल महल के रास्ते से किसी गांव में जा रहा था। इस दौरान जब वह जल महल से थोड़ा आगे पहुंचा तो तेज रफ्तार पिकअप ने उसको टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह वहां सड़क पर गिर गया। जिससे उसको गंभीर चोटें लगी। आसपास के लोगों ने उसको तुरंत उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस को भी इसकी जानकारी दी। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्रमोद को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों को इसकी सूचना दी गई। इस बारे में पुरानी मंडी निवासी अभय सिंह, राजेंद्र आदि ने बताया कि जल महल के पास पहले भी कई बार हादसे हो चुके हैं। यहां पर प्रशासन को हादसे रोकने के लिए संकेतक लगाना चाहिए। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## व्यापार मण्डल ने किया जोरदार स्वागत

**सुमेरपुर हमीरपुरएजेंसी।** कानपुर से बांदा जाते समय पूर्व मुख्यमंत्री रामप्रकाश गुप्ता के पौत्र का नगर व्यापार मंडल ने पंधरी में भव्य स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री रामप्रकाश गुप्ता के पौत्र शरद गुप्ता का कानपुर से बांदा जाते समय पंधरी में नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, पूर्व प्रधान अरविंद उर्फ बाले गुप्ता के नेतृत्व में भव्य स्वागत करते हुए व्यापारियों के साथ वैश्य समाज की समस्याओं से रूबरू कराकर निराकरण कराने की मांग की। इस मौके पर जुग्गीलाल गुप्ता, टेढा प्रधान नोखेलाल यादव, देवेश साहू, बाबू गुप्ता, कृष्ण कुमार, आरडी दुबे, सिद्धगोपाल आदि मौजूद रहे।

# नामांकन के अंतिम दिन तेघड़ा से पूर्व विधायक ललन कुंवर , सुधा भारती एवं बछवाड़ा से रमोद कुंवर सहित कई अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन का पर्चा












**बेगूसराय राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

नामांकन के अंतिम दिन विधानसभा क्षेत्र तेघड़ा और बछवाड़ा से आए प्रत्याशियों ने अनुमंडल कार्यालय एवं प्रांगण में प्रशासनिक चाक चौबंद व्यवस्था के बीच नामांकन पत्र दाखिल किया। तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक व भाजपा नेता ललन कुंवर ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया नामांकन के पश्चात उनके समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। वहीं तेघड़ा से ही निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में संजीव भारती की पत्नी सुधा भारती ने अपना नामांकन दाखिल किया उनके साथ में आए सैकड़ो समर्थकों ने नामांकन के बाद फूल माला पहनकर महिला प्रत्याशी का स्वागत किया। वहीं राम पुकार ठाकुर भी तेघड़ा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया।

बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज कू प्रत्याशी सह समाजसेवी रमोदर कुंवर ने निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसीएलआर के समक्ष अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिला के बाद उनके समर्थन में आए सैकड़ो की संख्या में जन सुराज सैकड़ो कार्यकताओं ने फूल माला से लाघ दिया। उहोने अपने संबोधन में कहा कि हमारा संकल्प है कि बछवाड़ा की जनता के बीच नेता नहीं बेटा बनकर क्षेत्र के बदहाल शिक्षा ,स्वास्थ्य और लोगों के लिए रोजगार के साथ ही क्षेत्र की चौमुखी विकास करना हमारा प्रथम प्राथमिकता होगा। बछवाड़ा से ही जनशक्ति जनता दल से कैलाश सहनी ने अपने नामांकन के बाद कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के अलावे क्षेत्र का विकास प्रथम प्राथमिकता होगा। आम आदमी पार्टी से पत्रकार अविनाश कुमार ने अपना नामांकन दाखिल किया और कहा कि पहले लालू जी और फिर नीतीश कुमार ने बिहार की जनता को विकास की ताड़े दिखाते रहे। लेकिन बिहार आज भी हर क्षेत्र में पीछे है। बछवाड़ा की जनता एक मौका दें हम बछवाड़ा को आदर्श बछवारा बनाएंगे वही बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार दिलीप कुमार, भगवानपुर के पूर्व प्रमुख सह भाजपा नेता शत्रुघ्न चंद्रवंशी आदि ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

# सेंट जूड्स विद्यालय में छठ पूजा का भव्य महोत्सव का आयोजन

**बेगूसराय /राष्ट्र संवाद ब्यूरो**



सेंट जूड्स विद्यालय फुलवरिया में शुक्रवार को आध्यात्मिकता, भक्ति और संस्कृति से ओतप्रोत रहा जब विद्यालय के विशेष प्रार्थना सभा में छठ पूजा के पावन अवसर पर समर्पित किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम में छठ गीत, एक आकर्षक नाटक (स्किट) और अत्यंत भावनात्मक भक्ति प्रस्तुतियाँ शामिल थीं, जिन्हें विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह, निष्ठा और श्रद्धा के साथ प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा छठ व्रतिनों की भूमिका में सजे छात्र- छात्राएँ, जिन्होंने पारंपरिक देसी परिधान धारण कर इस पवित्र पर्व की संपूर्ण भावना को मंच पर जीवंत कर दिया। विद्यालय परिसर का वातावरण इतना भक्ति-भाव से भर गया ।

विद्यालय के प्राचार्य श्री सन्तोष पाण्डेय जी ने इस अवसर पर अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए कहा

प्राचार्य महोदय ने विशेष रूप से सुश्री पल्लवी और सुश्री अंकिता सहित उनके पूरे शिक्षक दल एवं विद्यार्थियों की सराहना की, जिन्होंने अथक परिश्रम और सृजनशीलता के साथ इस आयोजन को सफल बनाया। उन्होंने उन सभी सदस्यों का भी हार्दिक आभार व्यक्त किया जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

इस शुभ अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री शंकर कुमार, प्रबंध निदेशक श्री ओम नारायण, तथा शैक्षणिक निदेशक श्री राहुल कुमार जी ने भी अपने आशीर्वाद और शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने विद्यालय परिवार के समर्पण, सांस्कृतिक समृद्धि और अनुकरणीय एकता की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन वास्तव में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की पहचान हैं।यह आयोजन न केवल सेंट जूड्स विद्यालय के लिए गौरव का क्षण रहा, बल्कि इसने यह भी सिद्ध किया कि शिक्षा के साथ संस्कृति और संस्कारों का समन्वय ही सच्चे शिक्षण का आधार है।

# गोविंद हरे गोपाल हरे उद्घोष से भक्ति मय हुआ सिमरियाधाम

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**बीहट /बेगूसराय** राजकीय कल्पवास 2025 सिमरिया धाम में शुक्रवार को कार्तिक कृष्ण रंभा एकादशी के प्रथम परिक्रमा में हजारों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं में गोविंद हरे गोपाल हरे जय जय प्रभु दीनदयाल हरे के उद्घोष के साथ संपूर्ण क्षेत्र का परिक्रमा किया। इस दौरान सर्वांग्ला सिद्धाश्रम के संस्थापक महर्षि स्वामी चिदात्मन जी महाराज के नेतृत्व में आध्यात्मिक योग विद्यापीठ काली धाम आदि कुंभ स्थल से बैंड बाजा घोड़ा ऊंट के साथ-साथ हनुमत ध्वज इंद्र ध्वज एवं राष्ट्रीय ध्वज के साथ संपूर्ण कल्पवास क्षेत्र का परिक्रमा किया गया। वही विधि व्यवस्था के लिए सदर डीएसपी दो पंकज कुमार अंचल अधिकारी सूरजकांत एवं चकिया थाना प्रभारी नीरज कुमार ने दलबल के साथ कार्यक्रम में भाग लिया । तदोपरांत संपूर्ण परिक्षेत्र का भ्रमण कर सिद्धाश्रम काली धाम पहुंचे व महा आरती एवं भागवत कथा का आयोजन किया गया। आयोजन के बाद श्रद्धालुओं धरमशिला देवी की ओर से आश्रम में भंडारा का आयोजन किया गया । उक्त कार्यक्रम में सर्वमंगला समिति के व्यवस्थापक रविंद्र ब्रह्मचर्य जी महाराज अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी सचिव राज किशोर सिंह सचिव दिनेश सिंह कोषाध्यक्ष नवीन सिंह सुनील चौधरी नीलमणि हरिनाथ मिश्र मधुसूदन में रत्नेश पाठक श्याम जी राम जी लक्ष्मण जी रजनीश कुमार सुरेश झा पवन सिंह सहित हजारों लोगों ने भाग लिया।

## दीपावली और छठ को लेकर डीएम एसपी ने विधि व्यवस्था को लेकर की बैठक

**अररिया ।** आगामी दीपावली एवं छठ महापर्व को लेकर समाहरणालय स्थित परमान सभागार में जिला पदाधिकारी अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अररिया अंजनी कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में विधि व्यवस्था संबंधित बैठक आयोजित की गई।

बैठक में दीपावली और छठ पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, बिजली, सफाई, यातायात, सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी अनिल कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध पटाखों का भंडारण एवं बिक्री पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। छठ महापर्व के अवसर पर सभी छठ घाटों की सफाई, रोशनी, बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि घाटों पर आवश्यक संख्या में गोताखोरों की तैनाती की जाए तथा मेडिकल टीम की उपलब्धता सुनिश्चित हो।

जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पर्व के दौरान संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी, सुरक्षा बलों की तैनाती की जाय। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने, चौक-चौराहों विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह पर तत्काल कार्रवाई की सुनिश्चित की जाय। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर भी पर्व के दौरान आदर्श आचार संहिता का भी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। किसी भी प्रकार की आचार संहिता उल्लंघन, अवैध धन या शराबबंदी का उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

# दीपावली और छठ को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजनः बच्चों ने दी प्रस्तुति, पटाखों से दूर रहने का लिया संकल्प

**बेगूसराय/ राष्ट्र संवाद ब्यूरो**



तेघड़ा प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय गौरा में दीपावली और छठ पर्व को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार सहनी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

छात्र-छात्राओं ने छठ महापर्व की महत्ता पर आधारित नाटक एवं गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। दीपावली के कार्यक्रम में छात्रों ने ग्रीन दीपावली थीम के साथ गीतों की प्रस्तुति दी और बच्चों ने रंगोली बनाई और वातावरण को सुरक्षित रखने का वचन देते हुए विश्वास दिलाया कि आतिशबाजी जैसे प्रदूषण कार्यों से दूर रहेंगे।

प्रदूषित कार्यों से रहने का विश्वास दिलाया

मौके पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि दीपावली हमें अंधकार से प्रकाश की ओर उन्मुख होने, अज्ञानता को समाप्त कर ज्ञान का प्रकाश फैलाने तथा सदैव इसकी ज्योति बढ़ाने जैसे हितकारी कार्य करने की सीख देता है। इस अवसर पर बच्चों ने रंगोली बनाई तथा वातावरण को सुरक्षित रखने का वचन देते हुए विश्वास दिलाया कि हम आतिशबाजी जैसे प्रदूषित कार्यों से दूर रहेंगे।

एक दूसरे के साथ ज्योति जलाकर खुद तथा अपने वातावरण को, समाज को प्रकाशित करेंगे।

आगे कहा कि बिहार में मनाया जाने वाला विशेष त्योहार छठ महापर्व प्रकृति को समर्पित है। यह हमें प्रकृति से जोड़कर रखती है। उन्होंने अपने कर्म के प्रति सच्ची श्रद्धा रखने की सीख दी। छठ की प्रस्तुति में शिक्षक शशांक शंखधर, रोशन कुमार, अमित कुमार, शिक्षिका मंजूषा कुमारी ,मौसम कुमारी ,कविता कुमारी, प्रियंका कुमारी ,रेखा कुमारी ,लता मंगेशकर एवं नीलम प्रभा एवं छात्र अभिषेक कुमार ,रोहित कुमार, प्रियांशु कुमार, आयुषी कुमारी ,छोटी कुमारी ,दीपा कुमारी एवं तन्नू कुमारी आदि छात्र छात्रा की भूमिका महत्वपूर्ण रहा

# निर्वाचन आयोग की दिशा निर्देश का शपथ प्रतिशत अनुपालन हो प्रमंडलीय आयुक्त

**बेगूसराय /राष्ट्र संवाद ब्यूरो**



आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के मद्देनजर मुंगेर प्रमंडलीय आयुक्त श्री अवनीश कुमार सिंह द्वारा आज दिनांक 17.10.2025 निर्वाचन कार्यों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में जिले के निर्वाचन कार्यों की समीक्षा बैठक में आयुक्त महोदय ने जिले में चल रही निर्वाचन तैयारियों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने वाहन कोषांग में संचिका प्रबंधन, ईवीएम मूवमेंट तथा मतगणना की तैयारियों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

साथ ही उन्होंने अंतर्जिला चेकपोस्ट के साथ-साथ जिले के अंदर स्थापित विभिन्न चेकपोस्टों पर सतत निगरानी एवं गहन जांच सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

आयुक्त महोदय ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्वाचन से संबंधित सभी व्यवस्थाएँ भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएँ।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी बेगूसराय श्री तुषार सिंगला, उप विकास आयुक्त सहित सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर आयुक्त महोदय को गार्ड ऑफ ऑनर एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में स्वीप कोषांग द्वारा जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रमंडलीय आयुक्त मुंगेर श्री अवनीश कुमार सिंह एवं जिला पदाधिकारी बेगूसराय श्री तुषार सिंगला ने सेल्फी पॉइंट पर मतदाता जागरूकता गतिविधियों में भाग लिया और उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे आगामी 6 नवंबर 2025 को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

निर्वाचन तैयारियों के क्रम में आयुक्त महोदय द्वारा 144 मटिहानी एवं 146 बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र के लिए जी.डी. कॉलेज में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान बज्रगृह, सीलिंग सेंटर सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इसके अतिरिक्त आयुक्त महोदय ने बाजार समिति स्थित ईवीएम कोषांग एवं मतगणना बज्रगृह का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान के उपरांत जमा होने वाले ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था, स्टोरेज प्रक्रिया एवं मतगणना स्थल की तैयारी की विस्तृत समीक्षा की और सभी अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी बेगूसराय श्री तुषार सिंगला, उप विकास आयुक्त सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बछवाड़ा से जन सुराज प्रत्याशी रमोद कुंवर ने दाखिल किया नामांकन पर्चाः बोल जनता के आग्रह पर चुनावी मैदान में उतरे



**बेगूसराय/ राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

बछवाड़ा विधानसभा सीट से शुक्रवार को जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी सह उत्कृष्ट समाजसेवी रमोद कुंवर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। यह नामांकन तेघड़ा स्थित अनुमंडल कार्यालय में निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसीएलआर के समक्ष दाखिल किया

नामांकन के दौरान बछवाड़ा जन सुराज पार्टी के नेता और सैकड़ों समर्थक उपस्थित रहे।

**जनता ने विधानसभा चुनाव लड़ने का आग्रह किया**

नामांकन के बाद मीडिया से बात करते हुए रमोद कुंवर ने कहा कि वे हमेशा जनता के दुख-सुख में खड़े रहते हैं। इसी कारण जनता ने उन्हें जन सुराज पार्टी से विधानसभा चुनाव लड़ने का आग्रह किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

**पलायन और बेरोजगारी खत्म करना पहली प्राथमिकता**

श्री कुंवर ने बछवाड़ा विधानसभा के विकास पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि बाहरी विधायकों ने चुनाव लड़कर बछवाड़ा विधानसभा को 'खोखला' किया है।

उन्होंने कहा कि इस बार उन्हें 'मुंह तोड़ जवाब' मिलेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव जीतने के बाद पलायन रोकना और बेरोजगारी खत्म करना उनकी पहली प्राथमिकता में है।

## नामांकन प्रक्रिया संपन्न, अंतिम दिन 52 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा, कुल संख्या 72 तक पहुंची

**गोपालगंज, ।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के पहले चरण के नामांकन का आज आठवां और अंतिम दिन रहा। शुक्रवार को जिले भर में प्रत्याशियों और समर्थकों की भारी भीड़ नामांकन स्थलों पर उमड़ी। सुबह 10 बजे से ही विभिन्न राजनीतिक दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों का नामांकन का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। जिले की छह विधानसभा सीटों बैकुंठपुर, बरौली, गोपालगंज, कुचायकोट, भोरे और हथुआ से अंतिम दिन कुल 52 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। अब तक कुल 72 उम्मीदवारों ने चुनाव मैदान में अपनी दावेदारी ठोकी है। नामांकन करने वालों में एनडीए, इंडिया गठबंधन, जन सुराज, बहुजन समाज पार्टी सहित कई निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं।

प्रमुख नामों में कांग्रेस से ओमप्रकाश गर्ग, भाजपा से सुबाष सिंह,राजद से दिलीप सिंह, बहुजन पार्टी से रेयाजुल हक राजू, पूर्व सांसद साधु यादव की पत्नी इंदिरा यादव, जन सुराज से फैज अहमद, जदयू से पप्पू पांडेय, और मंजीत कुमार सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### लापता बालक सकुशल मिला, लोगों ने जताया खुशी और आभार



**बेगूसराय/ राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

बेगूसराय जिले में लापता हुआ 11 वर्षीय बालक मो0 साहिल आखिरकार सकुशल मिल गया। उसकी बरामदगी के बाद पूरे क्षेत्र में राहत और खुशी का माहौल है। बच्चे को आज बेगूसराय खफढत्र की पहल पर परिजनों को सौंपा गया।

इस अवसर पर परिजनों ने समाजसेवी राष्ट्रीय उर्दू अवार्ड सम्मानित हाफिज मो0 नेहाल उद्दीन ईशाअती, वार्ड पार्षद डॉक्टर शगुफ्ता ताजवीर (वार्ड संख्या 35), अल्पसंख्यक जिला पत्रकार संघ के सदस्यों, हाफिज मो0 रुहुल्ला, मो. अरशद आलम (वार्ड सदस्य नीमा-02) और सभी सोशल मीडिया एक्टिविस्टों का दिल से आभार जताया।

परिजनों ने भावुक शब्दों में कहा ‌ह्लहमारी हर घड़ी, हर पल में हाफिज मो0 नेहाल उद्दीन ईशाअती साहब हमारे साथ रहे। उन्होंने न सिर्फ हमें हिम्मत दी, बल्कि प्रशासन से लेकर मीडिया तक लगातार सक्रिय रहकर हमारे बच्चे की तलाश में पूरी ताकत झोंक दी। उनकी संवेदनशीलता और सेवा भावना हमारे लिए प्रेरणा है।ह्व

साथ ही परिजनों ने कहा कि अगर समाज में हर व्यक्ति इसी तरह जागरूक और सहयोगी बने, तो कोई भी बच्चा लापता नहीं रहेगा।

लोगों ने भी इस घटना को मानवीय एकजुटता और सामाजिक जिम्मेदारी की बेहतरीन मिसाल बताते हुए हाफिज नेहाल उद्दीन ईशाअती और शगुफ्ता ताजवीर की सराहना की, जिन्होंने पूरी तत्परता, लगन और मानवीय संवेदना के साथ बच्चे को सकुशल घर लाने में अहम भूमिका निभाई।

### पंचकुला में आयोजित 6 वीं पारा लॉन बाउल्स चैंपियन में धीरज और अजय ने बढ़ाया बेगूसराय का मान

**बेगूसराय /राष्ट्र संवादब्यूरो**



ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-3, पंचकुला, हरियाणा में आयोजित 6 वीं पारा लॉन बाउल्स चैंपियनशिप 2024-25 में पारा लॉन बाउल्स एसोसिएशन ऑफ बिहार की 23 सदस्यीय टीम ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बेगूसराय जिले से दो खिलाड़ी धीरज कुमार पिता भूषण पोद्दार गोधना बछवाड़ा से रजत पदक और अजय कुमार साह पिता जयहिंद साह तेघड़ा से कांस्य पदक हासिल किए जिसके लिए इन्हें बिहार सरकार के द्वारा पाटलिपुत्र काम्प्लेक्स में आयोजित बिहार राज्य खेल सम्मान 2025 कार्यक्रम में मेडल मोमेंटो सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए बेगूसराय जिला पारा स्पोर्ट एसोसिएशन, बिहार एसोसिएशन पर्सन विद डिसेबिलिटी एवं ‌ ‌सरोकारह्व दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बेगूसराय के पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों, राजनेताओं और खेलप्रेमियों ने इन्हें शुभकामनाएं दी हैं। वही जिला पारा स्पोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष जोशी कुमार ने कहा दिव्यांग खेलों को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता, उन्होंने बताया कि बिहार में पारा लॉन बाउल्स को लेकर जागरूकता बढ़ रही है और ज़िले के खिलाड़ी राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा साबित कर रहे हैं। हम ज़िले के दिव्यांग साथी धीरज कुमार जी एवं अजय कुमार साह जी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं, निरंतर वह अपने जिले का नाम रोशन करें ऐसी हमारी कामना है।

### भगवानपुर में शांति समिति की बैठक:दीपावली व छठ पर्व शांतिपूर्ण मनाने पर हुई चर्चा



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**भगवानपुर /बेगूसराय** भगवानपुर में दीपावली और छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। यह बैठक भगवानपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसका मुख्य उद्देश्य दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाना था। बैठक में पर्वों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के साथ-साथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर भी चर्चा की गई। खतरनाक छठ घाटों को चिन्हित कर उन्हें व्यवस्थित करने का निर्णय लिया गया। डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की बात भी कही गई।

थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्व के दौरान आदर्श आचार संहिता का हर हाल में पालन करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। दीपावली और छठ पर्व के दौरान हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

पुलिस प्रशासन ने हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया। थानाध्यक्ष ने सभी से आपसी सौहार्द, प्रेम और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारी देवेंद्र कुमार सत्यार्थी, राम स्वार्थ साह, रंजन कुमार, आदित्यकान्त शर्मा, अनिल पासवान, टुनटुन चौधरी, महेंद्र महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### एसएसबी और एसएसटी टीम की संयुक्त कार्रवाई में 6.28 लाख नकद जब्त

**बेतिया, ।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं अवैध धन के उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले के विभिन्न स्थानों पर एसएसटी टीम द्वारा विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान सहोदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरा चौक स्थित एसएसटी चेक प्वाइंट पर वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति अनिल कुमार (उम्र 27 वर्ष), पिताझ्रयोगेंद्र महतो, निवासीझ्रपंचगाछिया वार्ड संख्या 05, थानाझ्रसहोदरा के पास से ?6,28,000 (छह लाख अट्ठाइस हजार रुपए) नकद बरामद किया गया।बरामद नगद राशि के संबंध में उक्त व्यक्ति कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच दल ने उसके प्लैटिना मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

# रोहित, कोहली की मौजूदगी में गिल को कप्तान के तौर पर बेहतर होने का मौका मिलेगा: अक्षर पटेल



**पर्थ ।** बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने शुक्रवार को यहां कहा कि भारतीय वनडे टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा की मौजूदगी शुभमन गिल को एक कप्तान के तौर पर बेहतर होने में मदद करेगी। भारतीय टीम रविवार को तीन मैचों की श्रृंखला के पहले वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। टीम के यहां पहुंचने के बाद दूसरे अभ्यास सत्र के बाद अक्षर ने कहा कि मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहली बार भारत के लिए खेलने को तैयार रोहित और कोहली पहले की तरह ही चुस्त दिख रहे हैं।

भारत ने रोहित की अगुवाई में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। इसके बावजूद गिल को इस दौरे पर वनडे टीम की कमान सौंपी गयी है। अक्षर ने ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड के साथ एक संयुक्त बातचीत में कहा, ''गिल के लिए यह एकदम सही है। रोहित भाई और विराट भाई मौजूद हैं और इसके साथ ही वे कप्तान भी रहे हैं। इसलिए वे अपना योगदान भी दे सकते हैं। ऐसे में कप्तान के तौर पर गिल का अच्छा विकास होगा। गिल की कप्तानी में अब तक जो अच्छी बात रही है, वह यह है कि उन पर दबाव हावी नहीं हुआ है।

रोहित और कोहली को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेले हुए काफी समय हो गया है लेकिन अक्षर ने कहा कि वह पहले की तरह ही फिट और चुस्त दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, 'वे दोनों विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। उनके फॉर्म (लय) के बारे में हमें शुरुआती वनडे मैच के बाद पता चलेगा। वे पेशेवर हैं, इसलिए उन्हें पता है कि क्या करना है। वे बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केंद्र) में अभ्यास कर चुके हैं, इसलिए मुझे लगता है कि वे खेलने के लिए तैयार हैं।

एक दशक पहले भारतीय खिलाड़ी के रूप में पहली बार ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाले इस हरफनमौला ने कहा, 'वे अभ्यास सत्र के दौरान अपने खेल और फिटनेस दोनों में बहुत अच्छे दिख रहे हैं। अक्षर सहित अधिकांश भारतीय क्रिकेटरों ने ऑस्ट्रेलिया में काफी क्रिकेट खेला है। ये खिलाड़ी परिस्थितियों को लेकर मानसिक रूप से सहज महसूस करते हैं। अक्षर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में बातचीत विपक्षी टीम के खिलाफ रणनीति बनाने पर ज्यादा केंद्रित होती है। हम पिचों की उछाल और प्रकृति के बारे में ज्यादा बातचीत नहीं करते है।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि 2015 (ऑस्ट्रेलिया में उनका पहला दौरा) के बाद से काफी बदलाव हुए हैं। उस समय हमें ऑस्ट्रेलिया का ज्यादा अनुभव नहीं था ऐसे में हम पिचों, परिस्थितियों और उछाल के बारे में बात करते थे। उन्होंने कहा, '2015 विश्व कप के बाद हमने नियमित रूप से खेलना शुरू किया और श्रृंखला लंबी होने लगी। उसके बाद बल्लेबाजों ने और बेहतर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, 'हमें यहां अब ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों जैसा महसूस नहीं होता। हमें ज्यादा बेहतर तरीके से तैयार रहना पड़ता है। अक्षर ने कहा, 'हम अब इस बारे में सोच रहे हैं कि हम कहां रन बना सकते हैं, इसलिए हम रणनीति और टाइमिंग पर बात कर रहे हैं। हम पिच की नहीं, बल्कि इस बारे में बात कर रहे हैं कि हम कैसे रणनीति बना सकते हैं। रविंद्र जडेजा की गैरमौजूदगी से इस श्रृंखला में अक्षर को बड़ी ज़िम्मेदारी निभानी होंगी। उन्होंने कहा, 'मैं इस श्रृंखला को लेकर बहुत आश्वस्त हूं। एशिया कप में मैंने बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया था। लंबे समय (2022 टी20 विश्व कप) के बाद मैं ऑस्ट्रेलिया में खेलूंगा। मैं इस चुनौती के लिए तैयार हूं।



## महिला विश्व कप-एलिसा हिली का शतक, ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया

**विशाखापत्तनम।** ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में एकतरफा जीत हासिल की है। बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 199 रन का लक्ष्य दिया था। सलामी बल्लेबाजों एलिसा हिली और फोएबे लिचफिल्ड की जोड़ी ने 24.5 ओवर में 202 रन की साझेदारी कर टीम को 10 विकेट से जीत दिला दी।एलिसा हिली ने 77 गेंद पर 20 चौकों की मदद से नाबाद 113 रन बनाए। लिचफिल्ड ने 72 गेंद पर 1 छक्के और 12 चौकों की मदद से नाबाद 84 रन की पारी खेली। हिली और लिचफिल्ड के सामने बांग्लादेश के गेंदबाज असहाय नजर आए। जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर गई है। ऑस्ट्रेलिया ने 5 मैचों में 4 जीत और रद्द मैच से 1 अंक लेकर 9 अंक हासिल किए हैं। बांग्लादेश की 5 मैचों में यह चौथी हार थी। हार के साथ ही बांग्लादेश के सेमीफाइनल खेलने की संभावना लगभग खत्म हो गई है।

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी के सामने जुझारूपन दिखाया। सोभना मोस्टारी बांग्लादेश की तरफ से शीर्ष स्कोरर रहीं। इस बल्लेबाज ने 80 गेंद पर 9 चौकों की मदद से 66 रन की पारी खेली। वह नाबाद रहीं। मोस्टारी ने अपनी टीम के लिए एंकर का रोल निभाया और यह सुनिश्चित किया कि टीम पूरे 50 ओवर तक खेले। उन्हें सलामी बल्लेबाज रूबीया हैदर का अच्छा साथ मिला। हैदर ने 59 गेंद पर 8 चौकों की मदद से 44 रन की पारी खेली। शर्मिन अख्तर ने 19 और कप्तान निगार सुल्ताना ने 12 रन बनाए। बांग्लादेश ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 198 रन बनाए थे।

ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड, अलाना किंग और जॉर्जिया वॉरहम ने 2-2 विकेट लिए। मेगन स्कट ने 1 विकेट लिया।

## फीफा को लेकर फैंस में भारी क्रेज, विश्व कप 2026 के 10 लाख से अधिक टिकट बिके, ये हैं शीर्ष 10 देश

**मियामी ।** फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने इस महीने की शुरुआत में आधिकारिक तौर पर टिकट बिक्री शुरू होने के बाद से अपने पहले अपडेट में बताया कि अगले साल होने वाले विश्व कप के 10 लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं।

उम्मीद के मुताबिक सबसे अधिक मांग अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के खरीदारों की ओर से रही। ये तीन देश इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे। फीफा ने कहा कि 212 अलग-अलग देशों और क्षेत्रों के लोग पहले ही टिकट खरीद चुके हैं जबकि अभी टूर्नामेंट के लिए 48 में से केवल 28 ही टीम तय हुई हैं। फीफा ने कहा कि टिकट खरीदने के मामले में शीर्ष 10 देश में इंग्लैंड, जर्मनी, ब्राजील, स्पेन, कोलंबिया, अर्जेंटीना और फ्रांस भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने विज्ञप्ति में कहा, 'दुनिया भर की राष्ट्रीय टीमें ऐतिहासिक फीफा विश्व कप 2026 में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और मुझे खुशी है कि इतने सारे फुटबॉल प्रेमी भी उत्तरी अमेरिका में इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट का हिस्सा बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'यह एक अविश्वसनीय प्रतिक्रिया है और एक अद्भुत संकेत है कि इतिहास का सबसे बड़ा, सबसे समावेशी फीफा विश्व कप दुनिया भर के समर्थकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है।

## अभिषेक शर्मा और स्मृति मंधाना को आईसीसी ने सितंबर महीने के श्रेष्ठ खिलाड़ी के सम्मान से नवाजा





**नई दिल्ली।** आईसीसी ने भारतीय टी20 टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और भारतीय महिला टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को सितंबर महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के सम्मान से नवाजा है।बाएं हाथ के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने एशिया कप 2025 में शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। अभिषेक ने सात मैचों में 44.85 की औसत और 200 के स्ट्राइक रेट से 314 रन बनाए थे। वे टूर्नामेंट के श्रेष्ठ स्कोरर थे। इसी प्रदर्शन के आधार पर अभिषेक को सितंबर महीने का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। अभिषेक ने इस पुरस्कार के दौर में अपनी टीम के साथी खिलाड़ी कुलदीप यादव और जिम्बाब्वे के बल्लेबाज ब्रायन बेनेट को पछाड़ा।

आईसीसी द्वारा जारी एक बयान में अभिषेक ने गुरुवार को कहा, ÷पुरस्कार जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है और मुझे खुशी है कि यह पुरस्कार कुछ महत्वपूर्ण मैचों के लिए मिला है जिनमें मैं टीम को जीत दिलाने में मदद कर सका। मुझे उस टीम का हिस्सा होने पर गर्व है जो सबसे कठिन परिस्थितियों में भी जीत दिला सकती है। अभिषेक ने कहा, ÷टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हमारा हालिया रिकॉर्ड हमारी उत्कृष्ट टीम संस्कृति और सकारात्मक सोच को दर्शाता है। मैं टीम प्रबंधन को उनके मार्गदर्शन के लिए और अपने सभी साथियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं उस पैनल का भी आभारी हूं जिसने मुझे इस पुरस्कार के लिए चुना। महिला श्रेणी में सितंबर महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का पुरस्कार स्मृति मंधाना को दिया गया। स्मृति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज में 58, 117, और 125 रनों की पारी खेली थी। मंधाना ने सीरीज में 77 की औसत और 135.68 के स्ट्राइक रेट से 308 रन बनाए थे। मंधाना ने इस पुरस्कार की रेस में दक्षिण अफ्रीका की तजमीन ब्रिट्स और पाकिस्तान की सिदरा अमीन को पछाड़ा। मंधाना ने कहा, ÷सितंबर 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार पाकर मैं सचमुच सम्मानित महसूस कर रही हूं। इस तरह का सम्मान मुझे एक खिलाड़ी के रूप में आगे बढ़ने और विकसित होने के लिए प्रेरित करता है। यह सम्मान उस समर्थन, विश्वास और प्रयास को भी दर्शाता है जो हम एक टीम के रूप में सामूहिक रूप से एक साथ देते हैं। मेरा लक्ष्य हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना और टीम के लिए मैच जीतना रहा है।

## धर्मेंद्रसिंह जडेजा की शानदार गेंदबाजी, 7 विकेट लेकर कर्नाटक को 372 रन पर समेटा



**राजकोट ¬** बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्रसिंह जडेजा के 124 रन देकर 7 विकेट झटकने से सौराष्ट्र ने यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के दूसरे दिन कर्नाटक को पहली पारी में 372 रन पर समेट दिया। कर्नाटक ने 5 विकेट पर 295 रन से आगे खेलते हुए जडेजा की शानदार गेंदबाजी के आगे आखिरी पांच विकेट महज 77 रन में गंवा दिए। अर्धशतक जड़ने वाले स्मरण रविचंद्रन (77) अपने कल के स्कोर में महज 11 रन ही जोड़ सके जबकि अनुभवी श्रेयस गोपाल (95 गेंद में 56 रन, चार चौके, दो छक्के) और शिखर शेट्टी (41) ने उपयोगी योगदान देकर कर्नाटक को 372 रन तक पहुंचाया। कर्नाटक के लिए बुधवार को देवदत्त पडिक्कल (96 रन) और करुण नायर (73 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 146 रन जोड़े थे। सौराष्ट्र ने दूसरे दिन स्टंप तक 60 ओवर में चार विकेट पर 200 रन बना लिए थे जिससे वह पहली पारी के हिसाब से कर्नाटक से 172 रन पीछे है। विकेटकीपर हार्विक देसाई (41) और चिराग जानी (90 रन) ने पहले विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी कर सौराष्ट्र को मजबूत शुरुआत दिलाई।

दिन का खेल समाप्त होने तक अर्पित वासवडा (नाबाद 12) और प्रेरक मांकड़ (नाबाद 20) क्रीज पर थे। बल्ले से शानदार प्रदर्शन के बाद गोपाल ने गेंद से भी शानदार प्रदर्शन किया और 51 रन देकर तीन विकेट चटकाए। तिरूवंनतपुरम में महाराष्ट्र की टीम पहली पारी में 239 रन पर आउट हो गई और इसके जवाब में केरल ने स्टंप तक तीन विकेट गंवाकर 35 रन बना लिए थे।

महाराष्ट्र के लिए रूतुराज गायकवाड (91 रन) के अलावा जलज सक्सेना ने 49 रन का योगदान दिया। पोरवोरिम में ललित यादव (213 रन) और अभिनव तेजा (205 रन) के शानदार दोहरे शतकों के बाद गोवा की पहली पारी 566 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में चंडीगढ़ ने एक विकेट गंवाकर 34 रन बना लिए थे।

यह एकमात्र विकेट महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने झटका। इंदौर में पंजाब की टीम सारांश जैन के (75 रन देकर) छह विकेट झटकने से पहली पारी में 232 रन पर सिमट गई जिसके जवाब में मध्य प्रदेश ने स्टंप तक छह विकेट गंवाकर 305 रन बना लिए थे और रजत पाटीदार 107 रन की शतकीय पारी खेलकर क्रीज पर डटे हुए हैं। पंजाब के लिए नमन धीर और प्रेरित दत्ता ने तीन तीन विकेट चटकाए।

## ग्रेटर नोएडा में 14 नवंबर से शुरू होगा विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल

**नई दिल्ली,** ।ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 14 से 21 नवंबर तक विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल 2025 का आयोजन होगा।इसमें दुनिया के शीर्ष मुक्केबाज नजर आएंगे।भारत में पहली बार आयोजित सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में 2025 में अलग-अलग चरण में जीत दर्ज करने वाले विजेताओं सहित शीर्ष मुक्केबाज एक मंच पर विश्व मुक्केबाजी कप ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करते नजर आएंगे।10 भार वर्ग में होने वाली प्रतिस्पर्धा में महिला और पुरुष मुक्केबाज हिस्सा लेंगे।भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, फ्रविश्व मुक्केबाजी कप फाइनल की मेजबानी यह दर्शाती है कि भारतीय मुक्केबाजी न केवल प्रदर्शन के मामले में, बल्कि विश्व स्तरीय आयोजनों को आयोजित करने की हमारी क्षमता में भी प्रगति कर चुकी है।भारत 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करने वाला है और 2036 में ओलंपिक खेलों का आयोजन करने की आकांक्षा रखता है, यह उस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, हमने ऐसी प्रणालियां विकसित की हैं जिनसे लगातार अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता तैयार होते रहे हैं, और यह टूर्नामेंट हमें अपनी धरती पर उस प्रगति को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है।यह हमारे और हमारे मुक्केबाजों दोनों के लिए एक निर्णायक क्षण है।पहले 2024 संस्करण की सफलता के आधार पर—जिसमें इंग्लैंड, अमेरिका और मंगोलिया में चरण आयोजित किए गए थे, और उसके बाद इंग्लैंड में फाइनल आयोजित किए गए थे—भारत इस वर्ष के फाइनल में चार स्वर्ण, छह रजत और सात कांस्य सहित 17 पदकों के साथ वैश्विक पदक तालिका में शीर्ष पांच में स्थान पर है।2025 विश्व मुक्केबाजी कप का पहला चरण ब्राजील के फोज डू इगुआकु में आयोजित हुआ, जहां भारतीय पुरुष दल ने छह पदक जीते, जिनमें से सबसे खास 70 किग्रा वर्ग में हितेश गुलिया का स्वर्ण पदक रहा।



## भारतीय टीम एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में जगह बनाने के करीब



**बिश्केक ।** भारतीय अंडर-17 महिला टीम एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में योग्यता के आधार पर जगह बनाने वाली पहली टीम बनकर इतिहास रचने से बस एक जीत दूर है।भारतीय महिला टीम शुक्रवार को बिश्केक के डोलेन ओमुर्जाकोव स्टेडियम में ग्रुप जी के आखिरी क्वालीफाइंग मुकाबले में उज्बेकिस्तान से भिड़ेगी। इस मैच में जीत से भारतीय टीम की एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप 2026 में जगह पक्की हो जाएगी। इस मैच का सीधा प्रसारण किर्गिज स्पोर्ट टीवी के यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। कप्तान जुलान नोंगमाईथेम ने कहा कि यह वही मैच है जिसके लिए हम महीनों से मेहनत कर रहे थे।

नोंगमाईथेम ने कहा, ÷किर्गिज गणराज्य के खिलाफ क्वालीफायर की शुरुआत मुश्किल रही, लेकिन आखिरकार जीत हासिल करके हम खुश हैं। इससे हमें आखिरी मैच से पहले अच्छी बढ़त मिली।÷

भारत अपने बेहतर हेड-टू-हेड रिकॉर्ड के कारण तीन टीमों के ग्रुप में अभी भी शीर्ष पर है, और उज्बेकिस्तान के खिलाफ एक अंक हासिल करने से वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा और अगले साल चीन के खिलाफ होने वाले मैच के लिए अपनी जगह पक्की कर लेगा।

मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेडरसन ने कहा, ÷हम ठीक वैसा नहीं खेल पाए जैसा हम चाहते थे। मैच के ज्यादातर समय हम अपनी तैयारी के दौर में जूझते रहे। लेकिन दूसरे हाफ में, हमने फ्लैंक का ज्यादा प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया और कुछ अच्छे आक्रामक पल बनाए। हालांकि हमारा प्रदर्शन हमारी पूरी क्षमता को नहीं दर्शाता था, फिर भी हम तीन अंक हासिल करके खुश थे, जिसके हम हकदार थे। लगभग दो महीने पहले, एलेक्जेडरसन ने अंडर-20 टीम को एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई कराया था, जिससे 20 साल का इंतजार खत्म हुआ था। भारत ने आखिरी बार एएफसी अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में 2005 में खेला था, जब 11 टीमों ने सीधे तौर पर भाग लिया था। हालांकि, क्वालीफाइंग सिस्टम शुरू होने के बाद से, भारत कभी भी एशिया की शीर्ष टीमों में जगह नहीं बना पाया है, और न ही कभी इतने करीब पहुंच पाया है जितना अब है। एलेक्जेडरसन अच्छी तरह जानती हैं कि यह न सिर्फ अंडर-17 लड़कियों के लिए, बल्कि भारत में महिला फुटबॉल के लिए भी बड़ा प्रोत्साहन हो सकता है, खासकर तब जब सीनियर टीम ने पहली बार 2026 एशियन कप के लिए योग्यता के आधार पर क्वालीफाई किया है।

## कैंसर को हराकर मैदान में लौटा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर, बोले- अब हर गेंद मेरे लिए जिंदगी का तोहफा है

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर निक मैडिन्सन ने जिंदगी की सबसे कठिन लड़ाई जीत ली है।33 वर्षीय इस बल्लेबाज ने खुलासा किया कि उन्हें इस साल की शुरुआत में वृषण (टेस्टिक्युलर) कैंसर हुआ था, जिसके बाद उन्होंने कीमोथेरेपी करवाई।लेकिन अब वे पूरी तरह से स्वस्थ हैं और दोबारा क्रिकेट मैदान पर लौट आए हैं।मैडिन्सन ने तीन टेस्ट और छह वनडे मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया है और फिलहाल न्यू साउथ वेल्स टीम का हिस्सा हैं।मार्च में टीम से बाहर होने के कुछ ही समय बाद उन्हें इस बीमारी का पता चला था, जिसने उनकी जिंदगी को झकझोर दिया।



**कैंसर फैल चुका था पेट और फेफड़ों तक :** मैडिन्सन ने बताया, जब डॉक्टरों ने कहा कि मुझे कीमोथेरेपी करनी पड़ेगी, तो यह सुनकर मैं अंदर से हिल गया था।कैंसर मेरे पेट के लिम्फ नोड्स और फेफड़ों तक फैल चुका था।यह मेरे जीवन का सबसे कठिन दौर था। उन्होंने बताया कि कीमो के शुरुआती हफ्तों में उन्होंने शारीरिक और मानसिक दोनों स्तरों पर बड़ी चुनौती झेली। उन्होंने कहा, दूसरे या तीसरे हफ्ते तक मेरे सारे बाल झड़ गए थे।स्टेरॉयड की वजह से मैं रातभर जागता रहता था।थकान इतनी ज़्यादा थी कि लगता था बस सोता ही रहूँ।वो नौ हफ्ते मेरी जिंदगी के सबसे लंबे और भारी दिन थे।

**पत्नी गर्भवती थीं, फिर भी उन्होंने हिम्मत दी :** कीमोथेरेपी के दौरान मैडिन्सन की पत्नी बियांका उनके दूसरे बच्चे के साथ गर्भवती थीं।इस दौर को याद करते हुए उन्होंने कहा, यह हमारे परिवार के लिए बेहद कठिन समय था।लेकिन बियांका ने मुझे टूटने नहीं दिया।उन्होंने मुझे लगातार मजबूत बने रहने के लिए प्रेरित किया।मैडिन्सन ने बताया कि बीमारी के बावजूद उन्हें अपनी पत्नी और परिवार से जो प्यार और सपोर्ट मिला, वही उनकी असली ताकत बना।

**जांच में देर न करें, यही मेरी सीख है :** अब जब मैडिन्सन पूरी तरह से स्वस्थ हैं, उन्होंने क्रिकेट में वापसी की शुरुआत न्यू साउथ वेल्स के साथ ट्रेनिंग से की है।उन्होंने कहा, यह जानना डरावना था कि बीमारी इतनी जल्दी फैल गई थी।